हिन्दी सान्ध्य दैनिक जौनपुर,लखनऊ व भदोही से प्रकाशित

# देश की उपासना

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

dku live

वर्ष : 01 अंक–182 : जौनपुर, बुधवार 22 मार्च 2023 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## कोरिया से आए भिक्षु विदेश नहीं अपने पूर्वजों के घर आए हैं –सीएम योगी

लखनऊ ब्यूरो : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारत और दक्षिण कोरिया के संस्कृतिक और आध्यात्मिक सम्बंध शताब्दियों पुराने हैं। इस दृष्टि से आप विदेश में नहीं बल्कि अपने पूर्वजों के घर में आए हैं। कोरिया के ध्यान पंथ श्योन की उत्पत्ति श्रावस्ती के जैतवन से हुई है। उन्होंने कहा कि दो हजार वर्ष पूर्व अयोध्या की राजकुमारी ने जलमार्ग से दक्षिण कोरिया की यात्रा की थी। जहां उनका विवाह राजा किम सुरो के साथ हुआ। वहां उनका नाम हू वांग आंक पड़ा। उन दोनों से कड़क वंश की स्थापना हुई। वर्तमान समय में दक्षिण कोरिया में एक बड़ी आबादी इस वंश से जुड़ी हुई है। सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में दक्षिण कोरिया और भारत के संबंध नई ऊंचाइयों को प्राप्त कर रहे हैं। वर्ष 2018 में दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति मून जेई इन और प्रधानमंत्री मोदी ने यूपी के गौतमबुद्धनगर में सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स की नई मोबाइल फोन निर्माण इकाई का संयुक्त रूप से उद्धघाटन किया था। सीएम योगी ने भारत–दक्षिण कोरिया के राजनयिक संबंधों के पचास वर्ष पूर्ण होने पर कोरिया जोग्ये भिक्षु संघ के अभिनंदन कार्यक्रम को संबोधित किया। इस दौरान सीएम योगी ने कहा कि भारत और दक्षिण कोरिया की स्वतंत्रता की तिथि 15 अगस्त है। वर्तमान में भारतवासी अपनी आजादी के अमृत महोत्सव के उपरांत अमृत काल के प्रथम वर्ष में प्रवेश कर चुके हैं। भारत और दक्षिण कोरिया जी20 समूह के सदस्य हैं। अपनी आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष में भारत को जी20 समूह की अध्यक्षता करने का अवसर प्राप्त हुआ है। इस वर्ष जी20 की थीम एक धरा, एक परिवार और एक भविष्य है। यह भारत की प्राचीन वसुधैव कुटुंबकम के भाव से जोड़ती है। पूरी दुनिया में जब मैत्री और करुणा की बात होती है तो विश्व मानवता भगवान बुद्ध की बात करती है। सीएम योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश के लिए यह गौरव का विषय है कि भगवान गौतमबुद्ध से जुड़े अनेक स्थल यहां पर अवस्थित हैं। भगवान बुद्ध ने अपने जीवन का दो तिहाई हिस्सा उत्तर प्रदेश में व्यतीत किया था। सीएम योगी ने कहा कि वाराणसी के समीप सारनाथ में भगवान बुद्ध ने अपना पहला उपदेश दिया था। भगवान बुद्ध ने सर्वाधिक 25 वर्षावास श्रावस्ती में व्यतीत किया था। उनकी महापरिनिर्वाण स्थली भी कुशीनगर भी उत्तर प्रदेश में हैं। उत्तर प्रदेश में पवित्र बौद्ध स्थल श्रावस्ती, कपिलवस्तु, देवदह, कुशीनगर, संकिशा, ललितपुर, देवगढ़, आई छत्र बरेली और कौशांबी बौद्ध हैं। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश देश का एक मात्र राज्य है जहां सरकारी



स्तर पर संचालित विशाल बुद्ध विहार शांति उपवन है। हमारे प्रदेश में अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान भी है। प्रधानमंत्री मोदी की प्रेरणा से उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सभी बौद्ध स्थलों को विकसित किया जा रहा है। सीएम योगी ने कहा कि कुशीनगर इंटरनेशनल एयरपोर्ट संचालित हो गया है। श्रावस्ती एयरपोर्ट का विकास युद्ध स्तर पर चल रहा है शीघ्र ही हम उसे वायु सेवा से जोड़ेंगे। महात्मा बुद्ध के नाम पर हम एक कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कुशीनगर में ही स्थापित करने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत और दक्षिण कोरिया का परस्पर व्यापार 28 बिलियन डॉलर का है, जिसमें भारत नौ बिलियन डॉलर की वस्तुएं निर्यात करता है और 19 बिलियन डॉलर की वस्तुएं आयात भी करता है। आधुनिक युग में भारत और दक्षिण कोरिया के राजनैतिक संबंधों के पचास वर्ष पूरे कर रहे हैं लेकिन वास्तव में भारत और दक्षिण कोरिया के आध्यात्मिक संबंध शताब्दियों पुराने हैं। दोनों देशों की खुशहाली की प्रार्थना जब भिक्षु संघ या हमारे संत करते हैं तो वह निश्चित ही फलीभूत होती है। कार्यक्रम में जोग्ये भिक्षु संघ के नायक जोस्यून, पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयदेव सिंह, दक्षिण कोरिया में भारत के राजदूत अमित कुमार, भारत में दक्षिण कोरिया के उप राजदूत सांग हो लिम, इंटरनेशनल इंटरनेशनल बुद्धिस्ट कंफेडरेशन के डिप्टी जनरल सेक्रेटरी, अंतरराष्ट्रीय बौद्ध संस्थान, उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष और बड़ी संख्या में बौद्ध भिक्षु मौजूद थे। 43 दिनों में की 1168 किमी. यात्रा दक्षिण कोरिया की सैंगवोल सोसाइटी इस पैदल यात्रा की आयोजक है। कोरिया के बौद्ध भिक्षुओं की यह यात्रा सारनाथ से शुरू होकर, बोधगया, गृद्धकूट पर्वत राजगीर, नालंदा, वैशाली, कुशीनगर, लुंबनी, कपिलवस्तु के दर्शन करते हुए श्रावस्ती में सम्पन्न हुई थी। इसके बाद बौद्ध भिक्षु लखनऊ पहुंचे, जहां सीएम योगी ने उनका अभिनंदन किया। भिक्षु संघ ने 43 दिनों में 1168 किमी. यात्रा की है।

## मंगलवार की रात चक्रवाती तूफान ने मचाई तबाही

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : मड़ियाहूं तहसील अंतर्गत नगर की 4 किलोमीटर परिधि के अंदर मंगलवार की रात 8:00 बजे से 9:00 बजे तक आए चक्रवाती तूफान ने जमकर तबाही मचाई जिसमें ईदगाह का मीनार, विशाल पेड़ ,विद्युत पोल, बड़े–बड़े होर्डिंग, मकानों पर लगे डिस, गोमतीयो पर लगे टीन सेड ताश की पत्तो की तरह से धराशाई हो गए जमकर पानी के साथ ओले पड़े जानकारी के अनुसार मंगलवार की रात 8:00 बजे तक सब कुछ सामान्य था 8:00 बजे हवा चलनी शुरू हुई जब तक नगरवासी कुछ समझ पाते तब तक चक्रवाती तूफान ने रौद्र रूप धारण कर लिया तेज हवा के साथ बरसात होने लगी उसी बीच लगभग 30 मिनट तक ओले पड़े किसी ने ऐसे आए तूफान का रौद्र रूप नहीं देखा था इसी बीच विद्युत आपूर्ति बंद हो गई पूरा क्षेत्र अंधेरे में डूब गया सभी ऊपर वाले को याद करने लगे लगभग 1 घंटे के बाद तूफान जब शांत हुआ तब लोग घरों के बाहर निकले तब पता चला कि नगर के शाही ईदगाह का 70 फीट ऊंचा मीनार धराशाई हो गया वहीं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सामने मडियाहू जौनपुर मार्ग पर विशाल पेड़ गिरने से आधा दर्जन विद्युत पोल जमीन पर धराशाई हो गए जिससे आवागमन 3 घंटे तक बाधित रहा इसी तरह छतों पर लगे बड़े–बड़े होर्डिंग , छप्पर,टीन शेड तूफान की चपेट में आने से धराशाई हो गए।मड़ियाहूं नगर के शाही ईदगाह कमेटी की एक बैठक ईदगाह परिसर में संरक्षक ईशा फारूकी की अध्यक्षता में संपन्न हुई बैठक में रात आए चक्रवाती तूफान से ईदगाह की लगभग 70 फीट ऊंची मीनार गिर जाने से लोगों को दिल्ली तकलीफ हुई इसके निर्माण के लिए कमेटी के लोगों ने निवर्तमान अध्यक्ष पति कमाल फारूकी से वार्ता की उन्होंने कमेटी के लोगों को भरोसा दिलाया कि यह मीनार ईद से पहले बनकर तैयार हो जाएगा। बैठक में गयासुद्दीन अंसारी, जलाल अंसारी, अताउल्लाह खान ,मेराज टीवीएस, शहजाद आजमी आदि लोग शामिल रहे।

## राज्य कर्मचारी एवं रेलवे संगठन नेशनल ज्वाइंट काउंसिल फॉर एक्शन के संयुक्त मंच के तत्वाधान में पुरानी पेंशन बहाली हेतु एक दिवसीय धरना संपन्न

अयोध्या (डीकेयू लाइव ब्यूरो) सुरेंद्र कुमार। पुरानी पेंशन बहाली हेतु राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद एवं रेलवे संगठन नेशनल ज्वाइंट काउंसिल फॉर एक्शन (एन०जे०सी०ए०) के संयुक्त मंच के तत्वाधान में पुरानी पेंशन बहाली हेतु हेमू कॉलोनी पार्क निकट तहसील सदर अयोध्या में एक दिवसीय धरना संपन्न हुआ। केंद्रीय संगठन रेलवे मेंस यूनियन के शाखा अध्यक्ष कामरेड अंजुम मुख्तार खान, कामरेड अश्वनी तिवारी मण्डल उपाध्यक्ष, कामरेड हीरालाल शाखा मंत्री ,कामरेड बी०बी० सिंह ,कामरेड आर जे कन्नौजिया अपने सैकड़ों साथियों के साथ रेलवे स्टेशन अयोध्या कैंट से हेमू कालाणी पार्क तहसील सदर तक जुलूस के साथ धरने में सम्मिलित हुए। आज के धरने की अध्यक्षता अरविंद कुमार सिंह जिला अध्यक्ष एवं संचालन रामप्रकाश सिंह कार्यवाहक मंत्री ने किया ।धरने में अरविन्द कुमार सिंह जिलाध्यक्ष द्वारा अपने संबोधन में कहा गया कि पुरानी पेंशन बहाली तक कर्मचारी चुप बैठने वाले नहीं हैं ,हम पुरानी पेंशन लेकर रहेंगे । कामरेड हीरालाल ने कहा कि पुरानी पेंशन बहाली तक क्रमबद्ध आंदोलन चलता रहेगा। आशा ही नहीं विश्वास है कि केंद्र एवं राज्य सरकार कर्मचारियों को पेंशन बहाल होगी।

## वासंतिक नवरात्र के प्रथम दिन शीतला चौकियां धाम में हजारों भक्तो ने टेका मत्था

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : शीतला चौकियां धाम में वासंतिक नवरात्रि के प्रथम दिन हजारों भक्तो ने मातारानी के चरणों में मत्था टेका। बुधवार को प्रातः काल मन्दिर के कपाट खुलने के पश्चात शीतला माता रानी का आरती पूजन किया गया। वैदिक मंत्रोच्चारण हवन पूजन माता रानी के जय जयकारों से से सारा वातावरण भक्तिमय हो गया ।दर्शनार्थी कतार में खड़े होकर बारी– बारी से दर्शन पूजन करते रहे। कई श्रद्धालुओं ने मां के धाम में कढ़ाई चढ़ाकर पूरी हलवा प्रसाद के लिए माता रानी को चढ़ाया। कई श्रद्धालुओं ने शीतला चौकियां माता को गुड़हल के पुष्प से बने माला चढ़ाकर पूजन किया। श्रद्धालु धाम में बने तालाब के पास जाकर सुंदर दृश्य को देखा। इस दौरान एसपी सिटी बृजेश कुमार, सीओ सिटी कुलदीप कुमार गुप्ता, थाना



प्रभारी लाइन बाजार आदेश त्यागी, महिला थाना प्रभारी सरोज सिंह व पीएसी बल, शीतला चौकियां चौकी इंचार्ज चंदन राय समेत अनेक पुलिस कर्मी मेला सुरक्षा व्यवस्था में तैनात रहे।

## हवन पूजन से माँ गायत्री मंदिर हुआ गुलजार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : मुंगराबादशाहपुर के स्टेशन रोड पर स्थित मां गायत्री शक्तिपीठ पर नवरात्र पर्व पर पांच कुंडीय यज्ञ का आयोजन किया गया। नवरात्र के प्रथम दिन बुधवार को लोग स्वच्छ परिधानों में मंदिर पर पहुंच कर माँ गायत्री मइया की विधिवत दर्शन पूजन की। महिलाओं व श्रद्धालुओं ने यज्ञ कुंड में आहूति देकर परिवार के सुख शान्ति के लिए यज्ञ देवता की अराधना की। माँ शैलपुत्री के दिन नव सवत्सर आरम्भ में परिजनों ने विश्व कल्याण की प्रार्थना के साथ यज्ञ संपन्न किया। लोगों ने अनुष्ठान का संकल्प लिया। इस अवसर शक्तिपीठ के आचार्य गुलाब ने यज्ञ व नवरात्र पर्व के महत्व को विस्तार से समझाया। उन्होंने कहा कि यज्ञ से जहां वातावरण शुद्ध हो जाता है तो वहीं मानव जीवन निरोगी हो जाता है। आगे उसके महत्व को बताते हुए कहा कि नवरात्र पर्व पर माँ की नौ स्वरूपों में पूजा करना बहुत ही फलदाई होता है। मुख्य रूप से गुलाब जी, माया देवी, राजेन्द्र प्रसाद साहू व हेमन्त शर्मा आदि थे।

## ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौत : पितापुत्र घायल

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : आजमगढ़ वाराणसी राष्ट्रीय राजमार्ग पर कुसहा गांव के सामने ट्रक की चपेट में आने से जहां बाइक सवार युवक की मौत हो गई वहीं पिता पुत्र घायल हो गए ।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। केराकत कस्बा निवासी संतोष कुमार कसौंधन (42) अपने भतीजे निखिल (30) व पुत्र आलोक (18) के साथ बाइक से आजमगढ़ के बिंद्रा बाजार बहन के घर बर्थडे में सम्मिलित होने एक दिन पहले गए थे जहां से बुधवार सुबह वापस घर आ रहे थे ।बाइक निखिल चला रहा था ।राजमार्ग पर कुसहा गांव के सामने पहुंचे ही थे कि कुत्ते से टकरा गए ।संतोष व आलोक जहां खाई में वहीं निखिल सड़क पर गिर पड़ा ।पीछे से आ रही ट्रक के चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गया ।तीनों को एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र केराकत ले जाया गया ।जहां निखिल की हालत गंभीर देख डॉक्टरों ने ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया ।ट्रामा सेंटर पहुंचने से पहले रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया।

## उ०प्र० शासन द्वारा ''फैमिली आई०डी० एक परिवार एक पहचान'' योजना का जनपद में होगा क्रियान्वयन

जौनपुर सू.वि. :अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) ने समस्त उपजिलाधिकारी, समस्त खण्ड विकास अधिकारी को अवगत कराया है कि विशेष सचिव नियोजन विभाग, उ०प्र० शासन के द्वारा ''फैमिली आई०डी० एक परिवार एक पहचान'' योजना के क्रियान्वयन जनपद में किया जाना है, जिसमें फैमिली आई०डी० पोर्टल https%//familyid.up.gov.in के माध्यम से राशनकार्ड धारक व गैर राशनकार्ड धारक लाभार्थियों को 12 अंको को विशिष्ट पहचान फैमिली आई०डी० उपलब्ध कराने हेतु व्यवस्था की गयी है, जो परिवार राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना से आच्छादित है, उन परिवारों की राशनकार्ड संख्या ही फैमिली आई०डी० है जो परिवार राशनकार्ड धारक नही है वो फैमिली आई०डी० पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर फैमिली आई०डी० प्राप्त कर सकते है, जिससे भविष्य में सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में सुविधा होगी। पत्र में योजना से सम्बन्धित जारीकर्ता/जाँचकर्ता अधिकारियों को प्रशिक्षित करने एवं ई–डिस्ट्रिक्ट पोर्टल पर उनकी यूजर आई०डी० व पासवर्ड सृजित किये जाने का भी उल्लेख किया गया है। तत्कम में 06 मार्च 2023 को कलेक्ट्रेट सभागार में आंनलाईन प्रशिक्षण ई–डिस्ट्रिक्ट मैनेजर प्रतीक उपाध्याय द्वारा दिया जा चुका है तथा फैमिली आई0डी0 निर्गत किये जाने हेतु समस्त उप जिलाधिकारी व सम्बन्धित लेखपाल को शहरी क्षेत्रों हेतु यूजर आई०डी० व पासवर्ड एवं ग्रामीण अंचलों हेतु समस्त खण्ड विकास अधिकारी ग्राम पंचायत अधिकारी व ग्राम विकास अधिकारी के यूजर आई०डी० व पासवर्ड ई–डिस्ट्रिक्ट पोर्टल पर सृजित कर उपलब्ध करा दिया गया है। ई–डिस्ट्रिक्ट पोर्टल का अवलोकन किया गया, अद्यतन पोर्टल पर कुल 1148 (शहरी क्षेत्र–78 एवं ग्रामीण क्षेत्र–1070) फैमिली आई0डी0 आवेदन पत्र सत्यापन हेतु लम्बित है। अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि ई–डिस्ट्रिक्ट पोर्टल https%//edistrict.up.gov.in पर फैमिली आई०डी० हेतु प्राप्त समस्त आवेदन पत्रों का शासनादेश में दिये गये निर्देशों के अन्तर्गत जाँचकर्ता अधिकारी से सत्यापन कराकर समयबद्ध निस्तारण करायें, किस भी तकनीकी सहयोग हेतु ई–डिस्ट्रिक्ट मैनेजर प्रतीक उपाध्याय, कलेक्ट्रेट, जौनपुर से सम्पर्क कर पोर्टल लम्बित आवेदनों को समय सीमा के अन्दर ही निस्तारण कराया जाना सुनिश्चित करायें।

## रामनगरी सहित अयोध्या जिले में नवरात्रि के पहले दिन मंदिरों और श्रीराम जन्म भूमि में दर्शन को लेकर उमड़ी भीड़

अयोध्या( डीकेयू लाइव ब्यूरो) सुरेंद्र कुमार। अयोध्या रामलला के जन्मोत्सव की धूम मची हुई है। भगवान राम की नगरी में युवा की संख्या काफी रही। रामलला के जन्मोत्सव के उपलक्ष में आयोजित खेल समारोह में लोग प्रतिभागी हो रहे हैं। राम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित साइकिल दौड़ और मैराथन दौड़, 21 किलोमीटर लंबी साइकिल रेस बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। विजय प्रतिभागियों को श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट सम्मानित करेगा। प्रथम पाली में खेल प्रतियोगिता और द्वितीय पाली में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। अवध क्षेत्र के अलग–अलग क्षेत्रों में मंच प्रतिभावान को मिलेगा । राम जन्मोत्सव का महोत्सव 30 मार्च तक चलेगा। नवरात्रि का आज पहला दिन,राम नगरी के देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं की आस्था की भी भीड़ उमड़ी। बड़ी संख्या में श्रद्धालु देवी मंदिरों में दर्शन पूजन किया । नवरात्र के पहले दिन कलश की स्थापना हुई। भगवान राम की नगरी माता के जयकारों से गूज रही है। नवरात्र के प्रथम दिन देवी मंदिरों समेत राम नगरी के सभी मंदिरों में पूजा अर्चना हो रही है। नवरात्र के प्रथम दिन मां शैलपुत्री की पूजा होती है।

**पाठक बन्धुओं से अनुरोध**

आप सभी से अनुरोध है कि ऑनलाइन समाचार पत्र पढ़नें हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट **www.Desh ki upasana.com** का अधिक अधिक उपयोग करें–तथा हमारें यू–ट्यूब चैनल / पोर्टल - **dku live** सत्य एवं प्रमाणिक खबरों के लिए Like&Subscribe जरूर कीजिए।

–संपादक

## अच्छे पोषक खाद्य पदार्थों का चयन करना चाहिए –दया शंकर मिश्र दयालु

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : मिलेट्स फूड को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पूरे देश में भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देश पर जिले में बुधवार से दो दिवसीय ईट राइट मेले का आयोजन किया गया। जौनपुर नगर के टीडी कॉलेज में आयोजित इस मेले का उद्घाटन आयुष एवं खाद्य सुरक्षा औषधि प्रशासन मंत्री दया शंकर



मिश्र दयालु ने किया। उन्होंने खाद्य कारोबारकर्ताओं एवं आम नागरिकों को मेले में सम्मिलित होकर खान–पान की अच्छी आदतों को विकसित करने की अपील की। कहा कि अच्छे पोषक खाद्य पदार्थों का चयन करना चाहिए। साथ ही उन्होंने कहा कि मिलेट फूड (मोटा अनाज) को बढ़ावा देने के लिए प्रधानमंत्री द्वारा संसद में सभी मंत्रियों विधायकों सांसदों को एक मिलेट फूड पर आमंत्रित किया गया था। मोटा भोजन खाने से लोगों को बीमारियां कम होंगी लोग इसकी तरफ फिर से एक बार मुखर हो इसके लिए प्रदेश के 5 किलो जौनपुर बनारस आजमगढ़ आदि जिलों में फूड मेले का आयोजन किया गया है आने वाले समय में एक बार फिर भारत मोटा अनाज का हब बनने जा रहा है ।खाद्य पदार्थों में मिलावट की सरल जांच के तरीके, योगा, निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण व उपचार, निःशुल्क नेचुरापैथिक उपचार, निःशुल्क होमियोपैथिक उपचार, खाद्य पंजीकरण/अनुज्ञप्ति कैम्प आदि सुविधाओं का लाभ प्राप्त इस मेले से लिया जा सकता है।

## नवसंवत्सर पर किया गया कवि गोष्ठी का आयोजन

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : माँ आशा फाउंडेशन के तत्वावधान में नवसंवत्सर पर कृष्ण नगरिया स्थित संस्था के कार्यालय में काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें कवियों ने अपनी रचनाओं से समां बाँधा। गोष्ठी की शुरुआत कवि पवन प्रगीत की वाणी वंदना से हुई ।नवोदित कवि तेजस्वी अवस्थी ओम ने '''अवस्थी' जान लो जब भी



समय करवट बदलता है, यहां फिर शेर के भी शेर बाजी हार जाते है। '' कविता पढ़ वाहवाही लूटी। कवि गीतेश दीक्षित ने ''हर बरक हर गीत तेरे नाम है !बिन तुम्हारे फिर अधूरी शाम है !!'' गीत पढ़ समां बाँधा ।कवि अजीत शुक्ल की रचना ''तम हर उजाला दे वही सविता है। जो रोते को हँसाये वही कविता है।।'' काफी सराही गई। कवि आशुतोष सिंह ने ''ये गाड़ी, पैसे, ऊंचे बंगले राजाओं के होते हैं। पैसे वालों को बच्चे तो चांदी के आंसू रोते हैं।। पर मेरा जिस दिन पेट भरे वो होता त्योहार कोई,मैं उस चौके का बर्तन हूं जहां बच्चे भूखे सोते हैं।'' कविता पढ़ तालियां बटोरीं। संचालन कर रहे कवि वैभव शुक्ल ने जाने कितने गीत अधूरे,छूट गये तेरी चौखट पर । जैसे विस्मित हो गए मेरे, भाव हृदय से सुन्दर सुन्दर। '' गीत पढ़ा। गीतकार पवन प्रगीत ने ''तुलसी को मिल गए केशव को मिल गए, अब मेरी कविता में आओ प्रभु राम जी'' रचना पढ़ वाहवाही लूटी। संस्थाध्यक्ष अजीत शुक्ल द्वारा कवियों का आभार व्यक्त किया गया।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

मन का मौन मनोबल बढ़ाता है।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## सम्पादकीय

# दक्षिणायनः दक्षिण की सियासत के पेच

बिना राजनीतिक खेल के आप दक्षिण भारतीय लोगों का दिल नहीं जीत सकते हैं। चुनावों को लेकर आप जो भी कयास लगाएं, लेकिन दक्षिण भारतीय राज्यों, खासकर तमिलनाडु और केरल के मतदाता चुनावों के दौरान मौद्रिक लाभ की उम्मीद करते हैं।

दक्षिण भारत की राजनीति में जातियों का बोलबाला रहता है। वोकालिगा, लिंगायत, रेड्डी, कम्मा, गौडा, थेवर, नाडार और एझवा नामक आठ बड़ी जातियों का दक्षिण भारत के छह राज्यों की राजनीति में वर्चस्व है। इसलिए दक्षिण की राजनीति को समझने से पहले इन बड़ी जातियों के सामाजिक दबदबे को समझना जरूरी है। भाजपा की सोशल इंजीनियरिंग ने उत्तर भारत में तो काम किया है, लेकिन दक्षिण में अमित शाह की चाणक्य नीति के समक्ष बड़ी बाधा है। ऑस्कर जीतने वाली फिल्म आरआरआर के गीत नाटु नाटु का भी एक सामाजिक ताना–बाना है। निश्चित रूप से यह गीत दक्षिणी राज्यों को आपस में जोड़ता है।

हालांकि दक्षिणी राज्यों को साधने के लिए भाजपा तत्परता से लगी हुई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी बड़ी उदारता से एक तेलुगू विद्वान को राज्यसभा के लिए मनोनीत करवाया। 35 से 40 फीसदी पद्म अवार्ड दक्षिणी राज्यों के लोगों को दिया गया। प्रधानमंत्री मोदी ने रेडियो पर प्रसारित होने वाले अपने 'मन की बात' के 100 एपिसोड में 65 बार दक्षिण भारतीय राज्यों का उल्लेख किया। ये सब क्या दर्शाते हैं? जाहिर है, दक्षिण को गले लगाने की उत्तर भारतीय राजनेता की उत्सुकता को ही दर्शाते हैं। लेकिन क्या दक्षिण भारतीय मतदाता इन इशारों को स्वीकार करेंगे?

त्रिपुरा और मेघालय जैसे पूर्वोत्तर के राज्यों को जीतने में प्रधानमंत्री मोदी की रणनीति ने प्रभावी ढंग से काम किया। लेकिन दक्षिणी राज्यों में मोदी का जादू केवल कर्नाटक और पुदुचेरी में ही देखा जा सकता है। दक्षिण में हर जगह एक जैसी स्थिति नहीं है। अन्य तीन राज्य–आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और केरल में भाजपा की सरकार नहीं है। इसलिए मोदी इसे तोड़ना चाहते हैं। दक्षिण भारत में अपनी पहुंच बढ़ाने के लिए भाजपा ने वाराणसी और सौराष्ट्र में तमिल संगमम आयोजित किया।

तमिलनाडु में द्रमुक सत्ता में है। राज्य में बिहारी प्रवासियों का मुद्दा अभी बहस का विषय बना हुआ है। यह काफी संवेदनशील मुद्दा है। एक चिंगारी एकता के ताने–बाने को खत्म कर सकती है। मार्च की शुरुआत में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने पर्दे के पीछे त्वरित कार्रवाई करके द्रमुक प्रमुख एम के स्टालिन के साथ बिहार एवं झारखंड के प्रवासियों के मुद्दे को प्रभावी ढंग से निपटाया। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी इसके समाधान में शामिल रहे। इन तीनों प्रमुख नेताओं के बीच समन्वय का काम सक्षम नौकरशाही ने किया।

इसी तरह हिंदू धर्म से ईसाई और इस्लाम में धर्मांतरण एक बहुत ही संवेदनशील मुद्दा है, जो दक्षिण भारत के कुछ हिस्सों में चुपचाप हो रहा है। तमिलनाडु के राज्यपाल आर एन रवि ने गृह मंत्रालय को भेजी अपनी एक रिपोर्ट में इसका खुलासा किया है। तीसरी और सबसे खतरनाक घटना दक्षिणी राज्यों, विशेषकर तमिलनाडु और केरल में पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) और एसडीपीआई की गतिविधियां हैं। राष्ट्रीय जांच एजेंसी द्वारा दोनों राज्यों में कम से कम 45 जगहों पर बार–बार की गई छापेमारी ने प्रभावी रूप से पीएफआई की नीतियों के प्रसार पर रोक लगा दिया।

आंध्र प्रदेश में भी बड़े पैमाने पर धर्मांतरण होता है। लेकिन राज्य की सत्तारूढ़ वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के नेता जगन रेड्डी भाजपा के शीर्ष नेतृत्व के काफी करीब हैं। आंध्र प्रदेश में मुख्य विपक्षी दल तेलुगू देशम पार्टी (तेदेपा) है। इसके नेता चंद्रबाबू नायडू राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) में लौटने के लिए बेताब हैं। कांग्रेस आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में कहीं नहीं है। तेलुगू भाषी राज्यों को बांटकर कांग्रेस ने अपनी कब्र खुद खोद ली।

जहां तक चंद्रशेखर राव की बात है, तो उनके द्वारा शासित राज्य तेलंगाना भी अस्थिर है। दक्षिणी राज्यों की शराब लॉबी ने तेलंगाना राष्ट्रीय समिति (टीआरएस, अब बीआरएस) की छवि खराब की। आम आदमी पार्टी के साथ टीआरएस का अनोखा गठजोड़ कहीं ज्यादा खतरनाक है। दिल्ली– तेलंगाना की हॉट लाइन राजनीति में दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और के चंद्रशेखर राव की बेटी और बीआरएस की नेता कविता की जोड़ी के उदय ने इन दोनों के राजनीतिक भविष्य को खराब कर दिया। कविता बहुत चतुर महिला राजनेत्री हैं। दक्षिण भारत के नेताओं के परिजनों ने अपने पिता और पार्टियों की छवि खराब की है। के चंद्रशेखर राव इसके ज्वलंत उदाहरण हैं। लेकिन अगले एक दशक तक भाजपा या मोदी दक्षिण में चाहे जितनी भी पहुंच बना लें, वांछित राजनीतिक नतीजा नहीं मिलेगा। अभी सियासी लोहा उतना गर्म नहीं हुआ है कि उस पर चोट की जाए। दक्षिण भारत के सभी राज्य अनूठे हैं।

अमित शाह, निर्मला सीतारमण और एस जयशंकर जैसे भाजपा के तीन शीर्ष नेताओं ने छह दक्षिणी राज्यों को राष्ट्रीय मानचित्र पर लाने में बड़ी भूमिका निभाई थी, लेकिन उनके कदम फिसलन भरे थे। केंद्रीय बजट में दक्षिण भारतीय राज्यों को भारी धन आवंटन, बुनियादी ढांचा, रक्षा गलियारा, जीएसटी परिषद की भागीदारी और विशेष रूप से आंध्र प्रदेश और कर्नाटक में उपग्रह प्रक्षेपणों का निजीकरण–मोदी सरकार के कुछ प्रमुख कदम हैं। प्रमुख स्टार्ट–अप केवल दक्षिणी राज्यों में हैं।

बिना राजनीतिक खेल के आप दक्षिण भारतीय लोगों का दिल नहीं जीत सकते हैं। सिने जगत की कद्दावर हस्ती–एमजीआर, एनटी रामा राव, जयललिता और कर्नाटक के राजकुमार यहां के बड़े राजनेता रहे हैं। चुनावों को लेकर आप जो भी कयास लगाएं, लेकिन दक्षिण भारतीय राज्यों, खासकर तमिलनाडु और केरल के मतदाता चुनावों के दौरान मौद्रिक लाभ की उम्मीद करते हैं। चुनावों के दौरान हर मतदाता को सत्ताधारी दलों और विपक्ष की ओर से 25 से 30 हजार रुपये तक मिल जाते हैं।

दक्षिण में चुनाव का यह भी एक पहलू है। दक्षिण भारतीय राज्यों में उत्तर–दक्षिण का भेदभाव गहरा है, खासकर तमिलनाडु में। ऐसा क्यों है और क्या इससे राजनीति प्रभावित नहीं होती है? कर्नाटक विधानसभा के चुनाव मुख्यधारा की राष्ट्रीय राजनीति के भविष्य का खुलासा करेंगे। कर्नाटक के नतीजे इस दृष्टि से भी महत्वपूर्ण होंगे कि क्या दक्षिण भारत भारतीय जनता पार्टी को गले लगाता है या क्षेत्रीयता को तवज्जो देता है?

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

# पुरानी पेंशन बहाली को लेकर कलेक्ट्रेट परिसर में कर्मचारियों शिक्षकों ने भरी हुंकार

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : पुरानी पेंशन बहाली संयुक्त मोर्चा मंच के बैनर तले आज जिले के समस्त विभाग के कर्मचारी शिक्षकों ने पुरानी पेंशन बहाली के लिए कलेक्ट्रेट परिसर में हुंकार भरा और कहां की पुरानी पेंशन बहाल होने तक हम सभी चुप नहीं बैठेंगे सरकार को हमारी मांगों को पूरा करना ही पड़ेगा नहीं तो आने वाले चुनाव में इसका परिणाम देश देखेगा। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कलेक्ट्रेट संघ के अध्यक्ष राजेंद्र कुमार शर्मा ने कहा की यह सरकार कर्मचारियों को आवाज को दबाने का काम कर रही है लेकिन हम जताना चाहते हैं कि सरकार के जुल्म के आगे हम झुकेंगे नहीं और हम अपना हक लेकर ही मानेंगे। संचालन कर रहे प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष राजेश धर दुबे ने कहा कि पुरानी पेंशन हमारा संवैधानिक अधिकार है सरकार को इसे वापस से करना होगा अन्यथा पूरे देश के कर्मचारी सड़क पर आएंगे इसके लिए सरकार ही जिम्मेदार होगी कार्यक्रम के संयोजक और परिषद के अध्यक्ष रूपेश कुमार श्रीवास्तव ने माननीय प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री से गुहार किया की पुरानी पेंशन कर्मचारियों के पेट का मामला है इसे हर हाल में बहाल होना चाहिए अन्यथा बुढ़ापे में कर्मचारी को कटोरा लेकर भीख मांगना पड़ेगा। मुख्य अतिथि और पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ के महामंत्री विनोद राय ने कहा कि सरकार धीरे–धीरे हमारे हक वह हमसे चीनती जा रहे हैं आर्थिक अभाव दिखाकर कभी नकदीकरण बंद किया गया तो कभी हमारे भत्तों में कटौती की गई और धीरे–धीरे ऐसा समय आया कि हमसे हमारी पेंशन छीन ले गई और एक दिन ऐसा आएगा की हमसे हमारी नौकरी भी छीन ली जाएगी इसलिए हम सभी एक होकर अपने अधिकारों की रक्षा के लिए इस सरकार से संघर्ष करने को तैयार रहे। इस अवसर पर पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ, लोक निर्माण विभाग कर्मचारी संघ, अमीन संघ, लेखपाल संघ, स्वास्थ्य विभाग, प्राथमिक शिक्षा विभाग, माध्यमिक शिक्षा विभाग, उच्च शिक्षा विभाग,कोषागार विभाग, आईटीआई विभाग, एम्पलाईमेंट विभाग विशिष्ट बीटीसी संघ सहित सभी विभागों के पदाधिकारियों ने धरने में पहुंचकर धरने को समर्थन किया। इस अवसर पर गोविंद जी अश्वनी श्रीवास्तव,विशेश्वर शुक्ल, तारकेश्वर शाही, वरुण बैरागी, मदन मुरारी शुक्ल, राजेश सिंह, कृष्ण मोहन गुप्ता, इजहार अली, कनिष्क गुप्ता, अमरनाथ यादव, बृजेश कुमार श्रीवास्तव, ज्ञानेंद्र ओझा अशोक पांडेय, बासुकीनाथ तिवारी, भारतेंदु यादव, प्रभु दयाल सिन्हा, जितेंद्र नाथ शुक्ल,देवनाथ राय, मोलई प्रसाद, अनूप कुमार श्रीवास्तव,संजय राज सिंह, जावेद अली, दिनेश शर्मा, दीपचंद पांडेय,योगेंद्र योगी, संजय श्रीवास्तव,कौशल कुमार शुक्ल, जयदेव सिंह,भूपेंद्र देव,सुनील सिंह, मुकेश लाल, रूपचंद गौंड,जगदीश प्रसाद, श्यामनारायण शुक्ला, आरपी भट्ट, कौशल जी,दीपक चौधरी, राघवेंद्र कुमार, फुलई पासवान, रामधनी पासवान, पृथ्वीनाथ गुप्ता, जयराम गुप्ता, विनीता सिंह,निधि त्रिपाठी, यशवीर श्रीवास्तव, जितेंद्र कुमार, शशि सिंह, डा० एसके विश्वकर्मा,रमेश भारती, समसुल जहां, राजकुमार सहित हजारों कर्मचारी उपस्थित रहे।

# परिवार की महिलाओं को भी व्यापार के क्षेत्र में आने का विकल्प देना चाहिए –संजय गुप्ता

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के तत्वाधान में राजधानी की महिला व्यापारियों के व्यापार को बढ़ाने एवं व्यापार के क्षेत्र में महिलाओं की सहभागिता बढ़ाने के उद्देश्य से ''महिला व्यापारियों के समक्ष व्यापार में आ रही चुनौतिया, समाधान एवं संभावनाएं'' विषयक ''संगोष्ठी'' हिरल गेस्ट हाउस ,अयोध्या रोड पर आयोजित हुई। संगोष्ठी में मुख्य रूप से उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। संगोष्ठी में राजधानी की महिला व्यापारियों ने अपने व्यापार में आ रही चुनौतियां एवं संभावना के संदर्भ में खुलकर चर्चा की संगोष्ठी में कुमारी दीक्षा सक्सेना ने कहा समाज में महिलाओं को अभी भी अंडरस्टीमेट करते हैं तथा उनकी क्षमताओं पर प्रश्नवाचक चिन्ह लगाते हैं उन्होंने कहा परिवार में पुरुष सदस्य देर रात तक आते हैं तो उन्हें कोई नहीं टोकता किंतु यदि व्यापार के सिलसिले में बाहर रहने पर महिला सदस्य यदि रात में देर से आती है तो उसको सैकड़ों सवालों का सामना करना पड़ता है। कुमारी शिखा मिश्रा ने बोलते हुए कहा व्यापार के क्षेत्र में उत्पादों का आर्डर देने में पुरुषों की अपेक्षा महिला व्यापारियों पर ग्राहक कम विश्वास करते हैं तथा बड़ा ऑर्डर देने में हिचकते हैं तथा पेमेंट मिलने में भी मुश्किलें आती हैं महिला व्यापारियों को उन्हीं के कारखाने में काम करने वाले कर्मचारी भी बहुत गंभीरता से नहीं लेते हैं। रीमा अग्रवाल ने कहा सरकार सहयोग करें या ना करें लेकिन परिवार सहयोग करें। बेटा, बहू और बेटी में भेद ना करें सभी को समान अवसर मिले तो महिलाएं आगे बढ़ सकती हैं। मनोरमा मिश्रा ने कहा पारिवारिक दायित्व के निर्वहन के साथ–साथ व्यापार करने में अनेक कठिनाइयां होती हैं फिर भी परिवार से भरपूर सहयोग नहीं मिलता। पुनीता भटनागर ने बोलते हुए कहा समाज में स्त्री पुरुष की होड़ का अखाड़ा नहीं बनाना चाहिए सभी को समान अवसर मिलने चाहिए। प्रीति गुप्ता ने बाजारों में महिला टॉयलेट ना होने कारण आने वाली समस्या के संबंध में बोला संगोष्ठी में सुनीता राय ने बोलते हुए कहा लोग महिला व्यापारियों से बड़ी डील करने में घबराते हैं, जिसके कारण व्यापार में बाधा आती है। मीनू सक्सेना बोलते हुए कहा महिलाओं के लिए सबसे बड़ा आवश्यकता है उसका आत्मविश्वास है यदि आत्मविश्वास मजबूत रखेंगे तो कुछ भी कर सकती हैं। वार्तिका शुक्ला




ने कहा महिला व्यापारियों को उनको अपने दम पर बैंकों से ऋण नहीं मिलता बैंक पति अथवा परिवार के किसी अन्य सदस्य को शामिल किए बिना स्वतंत्र रूप से लोन नहीं देते हैं जिसकी वजह से महिला व्यापारियों को काफी दिक्कतें आती हैं। नगर अध्यक्ष अनिला अग्रवाल ने संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा अभी भी समाज में काफी लोगों की सोच महिलाओं को केवल किचन तक सीमित रखने की है इस सोच से बाहर निकलना होगा परिवार में जो सम्मान पुरुष सदस्यों को मिलता है वही सम्मान महिला सदस्यों को भी मिलना चाहिए यदि घर के लोग महिलाओं को व्यापार में सहयोग करेंगे तो व्यापार के क्षेत्र में अद्भुत कार्य कर सकती हैं तथा मील का पत्थर साबित होंगी। ''संगोष्ठी ''को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए संजय गुप्ता ने कहा जिस प्रकार से हम अपने परिवार की बच्चियों को डॉक्टर, इंजीनियर, एयर होस्टेस ,कोरियोग्राफर अन्य क्षेत्र में कैरियर बनाने को कहते हैं उसी प्रकार से हमें अपने घर की लड़कियों एवं महिलाओं को व्यापार के क्षेत्र का भी विकल्प चुनने को प्रोत्साहित करना चाहिए तथा अवसर देना चाहिए। उन्होंने कहा व्यापार में असीमित संभावनाएं हैं यदि महिलाओं को व्यापार के क्षेत्र में कैरियर बनाने का मौका मिलेगा तो निश्चित रूप से वह आर्थिक रूप से अत्यधिक मजबूत होंगी उन्होंने कहा आदर्श व्यापार मंडल ऐसी सभी महिलाओं का पूरा सहयोग करेगा। संगोष्ठी में उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल की महिला इकाई की अध्यक्ष श्रीमती अनीला अग्रवाल, रेनू अग्रवाल, कंचन यादव, अंजलि मोरिया ,रितु सिंह, मोनिका सिंह ,शिखा मिश्रा, सुनीता रॉय,ईशरत चौधरी, बबीता मिश्रा ,प्रियंका मिश्रा, निर्मला पांडे, दीक्षा सक्सेना, मीनू सक्सेना, पुनीता भटनागर ,मनोरमा मिश्रा, आरती कपूर, रेनू सिंह, प्रीती गुप्ता ,सुष्मिता सिंह ,रीमा अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में महिला व्यापारी शामिल थी।

## रफ्तार का कहर : चार पहिया वाहन ने राहगीरों को रौंदा : तीन मरे एक घायल

सुल्तानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : चांदा कादीपुर रोड पर चौपहिया वाहन ने चार राहगीरों को रौंदा। तीन की मौत एक गंभीर रूप से घायल। चांदा कोतवाली के ईशीपुर गांव के निकट हुई घटना। हादसे की गंभीरता को देखते हुए डीएम जसजीत कौर और एसपी सोमेन वर्मा पहुंचे जिला अस्पताल।महिला मृतकों की डेड बॉडी भेजी गई पोस्टमार्टम के लिए,घायल को भेजा गया जिला अस्पताल। हादसे के बाद मौके पर पहुंची एसडीएम वंदना पांडे व थानाध्यक्ष। एसपी सोमेन वर्मा बोले,हादसा करने वाले वाहन को जल्द



लिया जाएगा हिरासत में। पूरे मामले की चल रही जांच पड़ताल।

# रोड़वेज बस चोरों ने की गायब : हुई हादसे का शिकार

सुल्तानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : बीती रात चोरों ने गायब कर दी रोडवेज बस। सुबह बस गायब होने की जानकारी मिलते ही मचा हड़कंप।बल्दीराय तहसील से सुल्तानपुर मुख्यालय चलती थी रोडवेज बस।पूर्वांचल एक्सप्रेस वे बगल सर्विस लेन के बगल मिली रोडवेज बस। चोरी कर ले जाते समय सड़क किनारे हुई हादसे का शिकार। बीती रात थाने के पास खड़ी कर घर था ड्राइवर। सूचना मिलते ही पुलिस विभाग में हड़कम्प। पुलिस अभिरक्षा में थाने लाई गई रोडवेज बस। बल्दीराय थानाक्षेत्र के स्थानीय कस्बे का मामला।

## जल संरक्षण जन –जन की जिम्मेदारी –डॉ. सपन अस्थाना

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। डॉ. सपन अस्थाना एसोसिएट प्रोफेसर, महर्षि यूनिवर्सिटी ऑफ इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी, लखनऊ ने भेंट वार्ता में बताया कि विश्व जल दिवस प्रतिवर्ष 22 मार्च को मनाया जाता है। इस दिवस के माध्यम से जल संरक्षण के प्रयासों को गति एवं जल के बेहतर प्रबंधन हेतु विभिन कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। जल हमारी धरती का सबसे अमूल्य प्राकृतिक स्रोत है जो की जीवन के लिए आवश्यक तत्त्व है। प्राचीन ग्रंथो मे वर्णित विभिन श्लोकों से लेकर आधुनिक समय में भी "जल है तो कल है", "जल ही जीवन है", "हर बूँद कीमती है" जैसे स्लोगन हमे जल के महत्व के बारे में जागरूक करते है। जीवन के लिए जल एक आवश्यक तत्त्व है ऐसे में जल दिवस मानव जीवन के सबसे महत्वपूर्ण दिवस में से एक है जिसके माध्यम से जल संरक्षण एवं सभी को जल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए विभिन कार्यक्रम निर्धारित किए जाते है। वैश्विक स्तर पर जल दिवस को मनाने की शुरुआत वर्ष 1992 के पश्चात हुयी। पर्यावरण तथा विकास पर आयोजित संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन (न्छब्क्) द्वारा वर्ष 1992 में रियो डि जेनेरियो में वैश्विक स्तर पर जल संरक्षण एवं संवर्धन हेतु विश्व जल दिवस मनाने सम्बंधित घोषणा की गयी। इसी घोषणा के मद्देनजर वर्ष 22 मार्च 1993 को प्रथम विश्व जल दिवस का आयोजन किया गया। इसके पश्चात प्रतिवर्ष 22 मार्च को जल दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा विश्व जल दिवस 2023 के लिए अक्सेलरेटिंग चेंज थीम का चयन किया गया है। अक्सेलरेटिंग चेंज यानी की त्वरित परिवर्तन थीम के अंतर्गत इस वर्ष के विश्व जल दिवस की सम्पूर्ण विषयवस्तु केंद्रित रहेगी। इस थीम के अंतर्गत संयुक्त राष्ट्र द्वारा वैश्विक स्तर पर लोगों को बदलाव का वाहक बनने का आह्वान किया गया है जिससे की अपने जीवन में जल का समुचित उपयोग करके हम सभी जल संरक्षण के वृहद् आंदोलन को गति प्रदान कर सकते है। प्रतिवर्ष हम 22




मार्च को विश्व जल दिवस मनाते हैं, जिसको मनाने का उद्देश्य है कि जनमानस को जल संरक्षण के विविध उपायों के प्रति जागरुक कर, इस धरा के अमूल्य संसाधन "जल" के दुरुपयोग को रोका जा सकें, जल सम्पूर्ण मानव जाति के लिये अत्यन्त आवश्यक, आवश्यकता है । जरा कल्पना कीजिये की क्या हम बिना जल के रह सकते हैं, तो उत्तर प्राप्त होता है नहीं । इस तथ्य को जानते हुये भी हमारे समाज में जल संरक्षण के वर्तमान उपाय बहुत ही कम पड़ रहे हैं, चाहे वर्षा जल हो या विविध स्रोतों से आ रहे जल हो, उनके अनुकूलतम उपयोग पर तत्काल ध्यान देने की त्वरित आवश्यकता है । जल संरक्षण में आम नागरिक अत्यन्त महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों का निर्वहन कर जल संरक्षण में अपना यागदान दे सकते हैं, जैसे जल के किसी भी स्रोत से अगर जल व्यर्थ हो रहा है तो उसे रोककर, किचन के जल का उपयोग गार्डन में करके, उतना ही जल ग्लास में लें जितने की प्यास हो, पीने का पानी एवं हाथ धोने का पानी अलग–अलग होना चाहिये । नहाने में शॉवर का उपयोग करके । सदैव जल को प्रदूषण से बचायें । जल संरक्षण हेतु उच्च शिक्षण संस्थानों में समय –समय पर कार्यशालाओं का आयोजन किया किया जाना चाहिए। सरकार के द्वारा समय– समय पर जल संरक्षण के क्षेत्र उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित भी किया जाना चाहिए, जिससे दूसरे नागरिक प्रेरणा ले सकें। जल संरक्षण के क्षेत्र में पानी का मीटर भी घर –घर लगाने पर सरकार द्वारा ध्यान देना चाहिए, जिससे जल के दुरूपयोग को रोका जा सके।

# विद्युत कनेक्शन काटने से पहले उपभोक्ताओं को भेजे जायेंगे एलर्ट मैसेज –ऊर्जा मंत्री

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए0के0 शर्मा ने बिजली उपभोक्ताओं को मोबाइल कम्पनियों की तरह एलर्ट संदेश भेजने के लिए उनके मोबाइल नंम्बर को बिलिंग सिस्टम में एकीकरण करने की आज शुरूआत की। इस व्यवस्था से प्रदेश के तीन करोड़ उपभोक्ताओं को फायदा होगा। अब वे कहीं पर भी होंगे उनकी विद्युत व्यवस्था, बिल, कनेक्शन, डिस्कनेक्शन एवं अन्य समस्याओं के संबंध में एलर्ट मैसेज मिल जाएगा। ऊर्जा मंत्री ने आज से ही उपभोक्ताओं के मोबाइल पर ड्यू डेट के पहले तथा ड्यू डेट के बाद दो से तीन एलर्ट मैसेज भेजने को कहा तथा अंतिम एलर्ट मैसेज भेजने के बाद बिल न जमा करने पर उपभोक्ता का कनेक्शन काट दिया जाए। किसी भी उपभोक्ता का बिल बनने पर शीघ्र ही उसको कम से कम 06 से 07 एलर्ट मैसेज भेजें जाएं। ऊर्जा मंत्री ए0के0 शर्मा ने शक्ति भवन में बिलिंग सिस्टम से मोबाइन नम्बर को जोड़ने की शुरूआत की तथा विभागीय कार्यों की वर्चुअल समीक्षा बैठक भी की। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 15 दिन चले के0वाई0सी0 अभियान के दौरान 2.50 करोड़ उपभोक्ताओं का के0वाई0सी0 अपडेट किया गया। उन्होंने उपभोक्ताओं से सम्पर्क बनाने के लिए इस व्यवस्था को नीचे फील्ड पर उतारने तथा आज से ही इसे चालू करने को कहा। उन्होंने निर्देशित किया कि अगामी त्योहारों के मद्देनजर प्रदेश के सभी धार्मिक स्थलों में निर्वाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए तथा इसमें कहीं पर भी ढिलाई न बरतें। जरा सा भी फाल्ट की सूचना पर तत्काल टीम को भेजकर अपूर्ति ठीक कराएं। ए0के0 शर्मा ने गर्मी के दृष्टिगत निर्वाध आपूर्ति के लिए विद्युत व्यवस्था को मजबूत बनाने तथा जर्जर तार व पोल एवं खराब ट्रांसफार्रम को बदलने की प्रक्रिया को तेज किया जाए। ट्रांसफार्रम का लोड व उसके आयल को निरन्तर चेक किया जाए, जिससे ट्रांसफार्रम को जलने से बचाया जा सके। उन्होंने विद्युत की निर्वाध आपूर्ति में सहायक ट्रॉली ट्रांसफारमर्स की संख्या को और बढ़ाने को कहा, जिससे कि कहीं पर भी ट्रांसफार्रम फुंकने पर शीघ्रातिशीघ्र ट्रॉली ट्रांसफार्रम को स्थापित किया जा सके। उन्होंने कहा प्रदेश में निकाय चुनाव शीघ्र ही शुरू होने वाले हैं इस वजह से नवसृजित नवविस्तारित नगरीय निकायों में विद्युत व्यवस्था को बहाल करने के लिए शुरू किये गये कार्यों में तेजी लायी जाए, पैसे की कमी नहीं है। इसके लिए 1096 करोड़ रुपये दिये गये हैं। उन्होंने विद्युत व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण हेतु संचालित आरडीएसएस स्कीम के कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए, जिससे कि जनता को इसका शीघ्र ही लाभ मिले और प्रदेश की विद्युत व्यवस्था और व्यवस्थित हो सके। ऊर्जा मंत्री ने राजस्व वसूली के कार्यों में और तेजी लाने तथा कामर्शियल टीम को 24 घण्टे कार्य




में एक्टिव रखने को कहा। उन्होंने सभी डिस्कॉम में कामर्शियल सेन्टर को 24 घण्टे चालू रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बड़े बकायेदारों से वसूली के लिए विशेष रूप से उनसे सम्पर्क करें और फोन करके रातों की उनकी नींद हराम करने की तैयारी करें। उन्होंने लाइनलॉस को कम करने तथा विद्युत चोरी रोकने के निरन्तर प्रयास करने को कहा। उन्होंने कहा कि किसी भी सही उपभोक्ता का उत्पीड़न न किया जाए और फर्जी तरीके से भी किसी उपभोक्ता को न फंसाया जाए। विद्युत व्यवस्था को आसान एवं सहूलियत पूर्ण बनाने के लिए सभी विद्युत कर्मी ईमानदारी, लगन, निष्ठा व मेहनत से काम करें। उन्होंने मार्च महीने में मात्र 25 प्रतिशत राजस्व वसूली पर नारजगी व्यक्त की और कहा कि इस महीने के बाकी दिनों में मासिक लक्ष्य की वसूली को पूरा करें। श्री ए0के0 शर्मा ने हड़ताल के दौरान हड़ताल का समर्थन करने तथा इसका विरोध करने वाले सभी कार्मिकों, संगठनों को धन्यवाद दिया है। उन्होंने ऊर्जा विभाग के अधिकारियों को भी हड़ताल के दौरान विद्युत व्यवस्था को बहाल रखने में उनके द्वारा दिन–रात किये गये कार्यों की सराहना की और उन्हें धन्यवाद दिया और उन्होंने एन0टी0पी0सी0, टाटा पावर, बजाज, केस्को, ग्रेनों एवं अन्य संस्थान तथा कॉन्ट्रेक्टर द्वारा किये गये सहयोग का भी धन्यवाद किया। उन्होंने सख्त निर्देश भी दिये हैं कि शिकायतें मिल रही हैं कि जो कार्मिक, संगठनों व ठेकेदारों ने विद्युत आपूर्ति में सरकार का सहयोग किया है उनके कार्यों का मजाक बनाया जा रहा है। उन्हे विभीषण और जयचन्द की संज्ञा दी जा रही है तथा जानबूझकर उनका उत्पीड़न किया जा रहा है। उन्हें बेवजह फंसाया भी जा रहा है। ऐसे कार्मिकों, अधिकारियों एवं संगठनों के पदाधिकारियों को चिन्हित कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने कहा कि हड़ताली कर्मियों व संगठनों को मा0 उच्च न्यायालय ने सख्त हिदायत दी है और ऐसे लोगों के खिलाफ मा0 न्यायालय के आदेशों के क्रम में ही अब कार्रवाई होगी। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि पूरे प्रदेश के फीडर व उपकेन्द्र मिलाकर कुल 32 हजार छोटी–बड़ी इकाइयां हैं, जहां से विद्युत आपूर्ति की जाती है। हड़ताल के दौरान ज्यादा से ज्यादा ऐसी 400 यूनिट ही बंद थीं, जो कि पूरे प्रदेश के विद्युत व्यवधान का एक प्रतिशत से भी कम मात्र 0.8 प्रतिशत रही। उन्होंने कहा कि 19 मार्च को अपराह्न 03:00 बजे हड़ताल समाप्ति के पश्चात जहां कहीं पर भी विद्युत बाधित थी वहां सभी जगह 10 घण्टे में विद्युत आपूर्ति रात्रि में ही बहाल करा दी गई थी। प्रदेश में बेमौसम बारिश, आंधी व ओलावृष्टि के कारण जहां कहीं पर भी विद्युत व्यवधान हुआ उसे भी ठीक कराने की कोशिश की गई। वर्तमान में पूरे प्रदेश में विद्युत व्यवस्था निर्धारित शिड्यूल के अनुरूप सुचारू रूप से संचालित है। फिर भी कहीं पर भी खराब मौसम के चलते आपूर्ति में गड़बड़ी या फॉल्ट आने की शिकायतें हो तो पीड़ित उपभोक्ता शीघ्र ही टोल फ्री नम्बर 1912 पर सम्पर्क करें। अधिकारी भी ऐसी शिकायतों को शीघ्र संज्ञान लेकर तत्काल व्यवधान को समाप्त करेंगे।

# विद्यार्थी स्वास्थ्य के प्रति रहे सचेत –प्रो.निर्मला एस.मौर्य

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर स्थित श्रीनिवास रामानुजन अनुसंधान भवन और विश्वकर्मा छात्रावास में मंगलवार को नवनिर्मित व्यामशाला का उद्घाटन कुलपति प्रो. निर्मला एस.मौर्य ने किया।इस अवसर पर कुलपति प्रो. मौर्य ने कहा कि स्वस्थ शरीर से ही स्वस्थ मस्तिष्क का विकास होता है। जिम के माध्यम से युवाओं को व्यायाम करने और अपने स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि संतुलित शरीर के लिए जिम की उपयोगिता वर्तमान समय में काफी बढ़ गई है। छात्रावास में क्रॉस ओवर जोकि चेस्ट के मध्य तक की एक्सरसाइज कराता है। मस्कुलर मेकर पूरे बॉडी के मसल को ठीक करता है। इसी तरह पेक– डेक फ्लाई समेत दर्जनों उपकरण जिम में लाए गए हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को स्वस्थ रहने के लिए प्रेरित भी किया। समारोह का संचालन वार्डेन सुशील कुमार और धन्यवाद ज्ञापन संचालन डा.



नीतेश जायसवाल ने किया। चीफ वार्डेन प्रो. रजनीश भास्कर ने सभी आगन्तुकों का स्वागत किया। इस अवसर कुलसचिव महेंद्र कुमार, वित्त अधिकारी संजय कुमार राय, प्रो बी बी तिवारी, प्रो राम नारायण, प्रो मानस पाण्डेय, प्रो ए के श्रीवास्तव, डॉ मनोज मिश्र, डॉ सुनील कुमार, डॉ अमरेन्द्र सिंह, डॉ दिग्विजय सिंह राठौर, डा. रसिकेश, सहायक कुलसचिव अमृत लाल, अजीत सिंह, बबिता, डॉ प्रवीण सिंह, डॉ धर्मेन्द्र सिंह, दिव्येद् मिश्र समेत शिक्षक उपस्थित थे।

## हमारा आंगन–हमारे बच्चे उत्सव के तहत किया गया जागरुक

जौनपुर सू.वि. : शासन की मंशानुसार बेसिक शिक्षा विभाग व बाल विकास पुष्टाहार विभाग द्वारा संयुक्त रूप से हमारा आगंन हमारे बच्चे जनपद स्तरीय उत्सव समारोह बीआरपी इन्टर कालेज मैदान में भव्य रुप से आयोजित हुआ। जिसमें प्राथमिक स्तर तथा बुनियादी शिक्षा के लिए अभिभावकों को जागरूक किया गया। मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी साई तेजा सीलम ने सरस्वती जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर व दीप प्रज्ज्वलित कर उत्सव का शुभारंभ किया। कम्पोजिट विधालय गुरैनी की बच्चियों ने गणेश वंदना व पू0मा0 विद्यालय रन्नो की बच्चियों ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। प्रा0वि0 पुलिस लाइन सहित कई विद्यालयों के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डा0 गोरखनाथ पटेल ने अतिथियों का स्वागत करते हुए बताया कि बच्चे ही हमारे देश का भविष्य है आने वाले समय में बच्चों को उनका भविष्य प्रोत्साहित करने के लिए अभिभावकों की जिम्मेदारी भी जरूरी है। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, शिक्षक, विद्यालय प्रबंधन समिति व अभिभावकों की भी है कि बच्चों को किस प्रकार की शिक्षा दी जाए कि उनकी मानसिक क्षमता का विकास हो तथा शिक्षा के प्रति उनका उत्साह बना रहे। उन्होंने बताया कि इस अभियान में जनपद जौनपुर प्रदेश में चौथे स्थान पर है अब सभी की जिम्मेदारी बढ़ गई है कि जौनपुर, प्रदेश में प्रथम स्थान पर लाये। कार्यक्रम स्थल पर जनपद के सभी विकास खण्ड–वार शिक्षकों द्वारा टीएलएम का प्रदर्शन करते हुए आकर्षक स्टाल लगाये गये, जिसका मुख्य अतिथि सहित सभी अतिथियों ने अवलोकन किया और खूब सराहना की। मुख्य अतिथि सीडीओ साई तेजा सीलम ने नौनिहालो को बुनियादी शिक्षा बेहतर ढंग से देने की सराहना करते हुए कहा कि छोटे बच्चों को शिक्षित करने की जितनी जिम्मेदारी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व शिक्षकों की है। उतनी ही नामांकन व नियमित उपस्थिति का ध्यान रखने की जिम्मेदारी अभिभावकों की भी है। उन्होंने कहा कि गुरु का स्थान सर्वोपरि है।




निपुण लक्ष्य को शीघ्र पूरा करने का प्रयास करें। डायट वरिष्ठ प्रवक्ता डा0 मनीष कुमार सिंह ने उत्सव के उद्देश्य पर विस्तृत से प्रकाश डालते हुए बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित प्रोत्साहन योजना की जानकारी साक्षा की तथा डीबीटी, निपुण लक्ष्य, प्रेरणा, शारदा, दीक्षा ऐप सहित मिशन शक्ति व मिशन कायाकल्प सम्बधी योजनाओं की जानकारी दिया। प्रभारी बाल विकास परियोजना अधिकारी दीपक चौबे ने कहा कि पूर्व प्राथमिक शिक्षा के तहत 52 सप्ताह के दौरान प्रयुक्त की जाने वाली गतिविधियों के अलावा आंगनबाड़ी केन्द्रों द्वारा बच्चों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं पर प्रकाश डाला तथा तथा बताया कि आंगनबाड़ी केन्द्रों व प्राथमिक विद्यालयों में बुनियादी साक्षरता के अन्तर्गत कई प्रकार की सुविधाएं दी जा रही है। इसके अलावा बाल वाटिका, स्कूल रेडिनेस कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए आंगनबाड़ी कार्यकत्री उत्कृष्ट कार्य करने पर आंगनबाड़ी कार्यकत्रीयो को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। तथा बेहतर शिक्षण कार्य करने वाले शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। आभार जिला समन्वयक प्रशिक्षण शोभा तिवारी ने व संचालन प्रीति श्रीवास्तव व अजय मौर्य ने किया। इस अवसर पर सहायक वित्त एवं लेखाधिकारी जितेंद्र कुमार, डायट प्रवक्ता आर एन यादव, सभी खण्ड शिक्षाधिकारी, जिला समन्वयक एमडीएम अरुण मौर्य, समन्वयक निर्माण मोहम्मद जमा, समन्वयक दुर्गेश पटेल, विशाल कुमार, सतेंद्र गुप्ता, शशिधर उपाध्याय, डीपीओ प्रवीण कुमार, एआरपी राजू सिंह, एसआरजी डा0 अखिलेश सिंह, कमलेश यादव, जिला व्यायाम शिक्षक रवि यादव, राकेश यादव, प्राथमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष अमित सिंह, सैय्यद मोहम्मद मुस्तफा, सुशील उपाध्याय, सहित एआरपी, शिक्षक, आंगनबाड़ी कार्यकत्री, सुपरवाइजर व अभिभावक आदि उपस्थित रहे।

# नव अंशिका महिला दिवस कार्यक्रम ने दिया बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का संदेश

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। नव अंशिका फाउंडेशन की ओर से नव अंशिका महिला महिला माह की इसकी चौथी कड़ी में नवरात्र पर आधारित बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ पर नृत्य प्रस्तुति बुधवार 22 मार्च को इंदिरा नगर के लोहिया विहार सेक्टर–9 में हुई। इसमें अंशिका त्यागी एवं साथी कलाकारो में इशिका त्रिपाठी वंशिका शर्मा, वर्षा सिंह, अंशिका शर्मा, आयुष प्रताप सिंह, आयुष चौहान, आयुष शर्मा जीतू राजपूत आदि द्वारा खूबसूरत संदेश बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ पर मृत्य प्रस्तुती के माध्यम से दिया गया शांति तिवारी के द्वारा दीपप्रजवल कर लोक नृत्यांगना अंशिका त्यागी के दुर्गा स्तुति से कार्यक्रम की शुरुवात हुई इस कड़ी में वंशिका शर्मा एवं इशिका त्रिपाठी ने नारी है तो क्या हुआ हम अपना भाग्य बनाएंगे और ओम सर्वानी ओम रुद्राणी देवी स्तुति पर मनमोहक नृत्य किया। नव अंशिका फाउंडेशन संस्था की अध्यक्षा नीशू मनोज ने बताया कि दरअसल महिला दिवस बुधवार को इस साल मनाया जा रहा है ऐसे में मार्च माह के हर बुधवार को "मिशन शक्ति" को समर्पित प्रेरक कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इसका उद्देश्य वृहद स्तर पर समाज की हर वर्ग की महिलाओं को जोड़ा जाना है। यह कार्यक्रम 1, 8, 15, 22 के बाद अब 29 मार्च को होगा। 1 मार्च को गोमती नगर के रेल विहार कालोनी घरों में काम करने वाली




महिलाओं को नव अंशिका श्रमदेवी शक्ति सम्मान दिया गया। उसके बाद महिला दिवस 8 मार्च को ऑनलाइन नव अंशिका मिशन शक्ति के संग होली के रंग महिला दिवस के संग कार्यक्रम हुआ जबकि बीते 15 मार्च को शिक्षा, खेल, कला यश अर्जित करने वाली बेटियों को नव अंशिका तेजस्वनी सम्मानित किया गया। 22 मार्च को नवरात्र पर आधारित बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ पर नृत्य प्रस्तुतियां करवायी गईं।। इसने निधि तिवारी दबीर सिद्दीकी, शैलेंद्र मोहन, सुरेश चंद्र आदि मौजूद रहेअंतिम कड़ी 29 मार्च को पुरुषों के क्षेत्र में नाम अर्जित करने वाली महिला को नव अंशिका सर्वश्री सम्मान से अलंकृत किया जाएगा। उनकी उपलब्धियों के माध्यम से दूसरों को भी राह दिखायी जाएगी।

## कोटेदार संघ के लोग दिल्ली रवाना

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : ऑल इंडिया फेयर प्राइज शॉप डीलर फेडरेशन उ. प्र. (कोटेदार संघ) के कार्य वाहक जिलाध्यक्ष दया शंकर निगम ने प्रेस को जारी एक विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि 22 मार्च को जंतर



मंतर पर धरना देने के लिए हमारे आह्वान पर ट्रेन, बस व व्यक्तिगत साधनों से सैकड़ो लोग दिल्ली रवाना हो गए है जहाँ जंतर मंतर पर धरना दिया जाएगा व जरूरत पड़ी तो संसद भवन का घेराव भी किया जाएगा। हमारी मुख्य मांगे है कोटेदारों को 30 हजार रुपया प्रतिमाह मानदेय व 200 प्रति कुंतल कमीशन व कोटेदारों को सरकारी कामर्मचारी घोषित किया जाय। परन्तु सरकार अपनी हठधर्मिता के कारण कोटेदारों की मांग पर ध्यान नही दे रही है , जिससे हम सब आंदोलन, धरना, प्रदर्शन करने को बाध्य है। इस अवसर पर सलीमुल्लाह ,अशोक कुमार जायसवाल, मनोज कुमार जायसवाल, संतोष यादव ,आदेश, गुड्डू, अमरनाथ जायसवाल ,राकेश मिश्रा करमही,हिटलर संजय राय. राजू उपाध्याय, राज विश्वकर्मा, पारसनाथ गुप्ता ,आदिल शेख ,आदि लोग साथ दिल्ली गए।

## विश्व कविता दिवस पर हुई गोष्ठी

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में विश्व कविता दिवस और विश्व वानिकी दिवस पर आयोजन किया गया। इस अवसर पर कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य ने अपने काव्य का वाचन किया। प्रो. वीबी तिवारी ने बचपन में लिखी कविता को सुनाया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने भी काव्य पाठ किया। कुलपति प्रो. निर्मला एस.मौर्य ने कहा कि परिसर की हरियाली के लिए विश्वविद्यालय प्रयासरत है। इस कार्य में सभी शिक्षक और विद्यार्थी सहयोग करें। इस अवसर पर प्रो. अविनाश पार्थीडेकर, डा. आशुतोष सिंह, डा, रसिकेश, डा, अमित वत्स, डा. मंगला प्रसाद आदि उपस्थित थे।

# श्री बालाजी का भंडारा व रात्रि जागरण का आयोजन

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय खरगूपुर(गोंडा) ।श्री बालाजी सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित स्थानीय कस्बे के गांधी चौराहा स्थित शिव मंदिर के पास दो दिवसीय कार्यक्रम मंगलवार को भंडारे के उपरांत रात्रि जागरण का आयोजन किया गया। यहां मेहंदीपुर बालाजी की भव्य दरबार सजाया गया ।महाकाल



म्यूजिकल ग्रुप की ओर से शानदार श्री गणेश,हनुमान,काली माता,राधा–कृष्ण,सुदामा,शिव तांडव,अघौरी आदि की झांकिया दर्शकों के आकर्षण का केंद्र रही ।रात्रि जागरण कार्यक्रम में भजन गायकों के अदभुत प्रस्तुतियों से श्रोताओं ने जमकर आनन्द लिया। जागरण का आगाज गणेश बंदन के साथ बाबाजी के जैकारे से शुरू हुआ ।गायकों ने बाबा की चरणों में हाजिरी लगाते हुए भजन प्रस्तुत किया ।डम–डम डोल रहा है,बम–बम बोल रहा है ।समिति के अध्यक्ष राज कपूर मोदनवाल,अम्बरीष मोदनवाल व रविंद्र गोस्वामी आदि व्यवस्था में लगे रहे ।सुरक्षा के दृष्टि से प्रभारी निरीक्षक अरुण कुमार द्विवेदी, उपनिरीक्षक चंद्र भूषण पाण्डेय, भोला शंकर आरक्षियों के साथ मौजूद रहे।

## कुंवर प्रदीप सिंह निर्विरोध प्रतिनिधि निर्वाचित

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : प्रदेश मे सहकारी संस्थाओ के संपन्न हुए चुनाव मे कुंवर प्रदीप सिंह अध्यक्ष–सहकार भारती जौनपुर को उपभोक्ता सहकारी समिति लि0 उपक्षेत्र (अ) के चुनाव मे कुंवर प्रदीप सिंह रिंकू को निर्विरोध प्रतिनिधि, उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण एवं श्रम विकास सहकारी संघ लखनऊ निर्वाचित हुए। उनके निर्वाचन से सहकार भारती के सदस्यों द्वारा एवं सहकारी बंधुओं, व्यापारियों, शुभचिंतको ने खुशी जाहिर की । इस मौके पर



भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष विवेक सिंह, प्रीति गुप्ता, अर्चना सिंह, रजनी सिंह, रजनी साहू, अजय गुप्ता , देवेश श्रीवास्तव, सर्वेश जायसवाल, शशांक सिंह रानू, अवनीन्द्र तिवारी, रवि गुप्ता सरदार मनमोहन सिंह, मोतीलाल यादव, मनीष देव, अतुल सिंह, अरुण शुक्ला , वरिष्ठ पत्रकार विश्व प्रकाश श्रीवास्तव , विद्याधर राय विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## शाम को आंधी पानी के चलते हुई फसल चौपट : तापमान में आई गिरावट

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) मंगलवार की शाम को आंधी पानी ने एक बार फिर किसानों की कमर तोड़ दिया ।अभी दो दिन पहले हुई आंधी पानी से जहां किसानों की खड़ी फसलें इस बारिश के चलते चौपट हो गई ।वहीं आम जनमानस भी प्रभावित हुआ। मंगलवार की सुबह की हालत यह रही कि बूढ़े बुजुर्ग बच्चों को को छोड़िए यहां तक अधिकतर लोगों ने अपने अपने स्वेटर व यहां तक की गर्म कपड़े निकालने को मजबूर हो गए ।वहीं शाम को आंधी पानी के चलते तापमान में और गिरावट आई ।जिससे मंगलवार की शाम को आंधी पानी के चलते भी जहां एक और ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों की फसलों के नुकसान होने का अंदाजा लगाया जा रहा है ।वही इस आंधी पानी में भीगने वाले लोगों के बीमार होने की भी अधिक संभावना दिखाई दे रही है ।ऐसा चिकित्सकों का भी मानना है ।इस संबंध में शहर के कई चिकित्सकों ने बताया कि जरूरत पड़ने पर ही लोग इस बारिश में बाहर निकले।

## डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ लोक निर्माण विभाग उ0प्र0 दिल खोलकर सरकार के सामने रखें समस्या और सुझाव –कैबिनेट मंत्री जितिन प्रसाद

मृत्युंजय प्रताप सिंह की रिपोर्ट लखनऊ : डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ लोक निर्माण विभाग का होली मिलन समारोह के मुख्य अतिथि लोक निर्माण विभाग के कैबिनेट मंत्री जितिन प्रसाद ने कहाकि जिम्मेदारी छोटे से लेकर बड़े तक की तय होनी चाहिएं समस्या है तो उसका समाधान है। यह सरकार हर वर्ग की सरकार है। आप समस्या ओर सुझाव दिल खोलकर सरकार के सामने रखियें। आपके विभाग के मंत्री होने के नाते यह विश्वास दिलाता हूँ कि मेरे स्तर पर कभी भी निराशा हाथ नही लगेगी। हम सबकों मिलकर काम करना होगा। प्रदेश के मुख्यमंत्री जी के लक्ष्यों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण कर प्रदेश के विकास में चार चांद लगाने में हमारी भूमिका सबसे अलग होनी चाहिए। अब तक जिन जिन विभागों में मैने काम किया उससे कई गुना महत्वपूर्ण और अब तक की सबसे चुनौतीपूर्ण जिम्मेदारी मै लोक निर्माण विभाग को मानता हूॅं। बहरहाल आप लोगों का प्रदेश के विकास में बेहतर योगदान के साथ इस तरह के सामाजिक क्रियाकलाप आप लोगों की एकता और दूरदर्शिता का प्रदर्शन करता है। समारोह के दौरान कैबिनेट मंत्री श्री जितिन प्रसाद का वृध्द्धावन का पटका पहनाकर स्वागत करते हुए उन्हें राममंदिर का स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसके उपरान्त उनके द्वारा शताब्दी संग्रहालय का शिलान्यास और एकता सूत्र विशेषांक का विमोचन किया गया। कार्यक्रम को विशिष्ठ अतिथि प्रमुख अभियंता परिकल्प एवं नियोजन इं. अरविन्द्र कुमार जैन ने सम्बोधित करते हुए कहा कि मै कई अवसरों पर आपके संगठन के कार्यक्रम में शामिल हो चुका है। आपके द्वारा किये जाने वाले आयोजन हर संगठन के लिए मार्गदर्शक साबित होते है। संघ के प्रदेश अध्यक्ष इं. एन.डी. द्विवेदी ने कहा कि होली मिलन समारोह के बहाने हमारी आपकी एक मुलाकात हो जाती है। किसी के मन में अगर कोई मतभेद होता है तो आपस में गले मिलकर दूर कर लिया जाता है। संघ के पूर्व अध्यक्ष और राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के अध्यक्ष हरिकिशोर तिवारी ने कहा कि परम्परा का निर्वाहन हमें समाज से जोड़ता है। जबकि देश और प्रदेश की सेवा हमें अपने गौरव का अनुभव कराती है। इस तरह के आयोजन हर संवर्ग को करना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन राजर्षि




त्रिपाठी ने किया। अखिल भारतीय हास्य कवि सम्मेलन में लटूरी लट्ठकी शुरूआत करते हुए कहा कि '' बुलडोजर से अपनी रक्षा जिसको जिसको करनी है ।प्रेम पूर्वक योगी जी को कहते रहना फूफा जी। दूसरी रचना पढ़ते हुए उन्हें हंसाया कहा ''मूंछ पे हाथ फिराते घूमें, छप्पर पे नहीं फूंस रहे हैं। कपड़े नए सिला नहीं पाए,वही पुराने ठूंस रहे हैं। अर्थ व्यवस्था की हालत आज यहां तक आ पहुंची है। जिन गन्नों में जूस नहीं है, उन गन्नों को चूस रहे हैं। हास्य काव्य पाठ को आगे बढ़ाते हुए हास्य कवि सबरस मुरसानी ने अपनी रचना में कहा कि ''सबकी जान से बना बनाऊंआ सोचे क्या खावा। दिन ओ रात बढ़ाते कीमत भांजी के मामा। बच्चे घर में खुश ना रहते सब चीजों की कमियां। डायन जैसे बनी महंगाई जाने कब ये थामियां । बीजेपी सपा कांग्रेसी सभी ने करी ऐसी तैसी। ओ वोटर तेरी ऐसी तैसी सभी ने करी ऐसी तैसी। कवि रोहित चौधरी ने अपनी रचना में पढ़ा '' हनुमान को ताकत उनकी याद दिलानी पड़ती है। रावण की लंका में घुसकर आग लगानी पड़ती है। प्रशान्त उपाध्याय, शिकोहाबाद पढ़ा कि इधर से उधर खूब बन्दर हुए हैं। लफन्डर सभी अब सिकन्दर हुए हैं। गरीबों के बनते यहाँ जो मसीहा ।वो भैंसों की चोरी में अन्दर हुए हैं ।विष्णु उपाध्याय विशु काव्य पाठ को आगे बढ़ते हुए गुदगुदया और कहा कि '' गाल से लगाए गाल श्याम ने मलौ गुलाल। सुध बुध भूली राधे बाबरी सी है गई। श्याम रंग चढ़ौ जब गोरी गोरी राधिके पे। गोरी गोरी राधिके भी सांवरी सी है गई। समारोह में संघ के महामंत्री प्रकाशचंद, वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रवण कुमार, चेयरमैन संघर्ष समिति सतेन्द्र त्रिपाठी, अतिरिक्त महामंत्री एच.एन. मिश्रा, शिवशंकर दुबे के अलावा सहयोगी संगठनों के अध्यक्ष महामंत्री, इं. एस.डी. द्विवेदी, ई. श्रीप्रकाश गुप्ता, इं. दिवाकर गौतम, लोक निर्माण विभाग के अध्यक्ष मंत्री भारत सिंह यादव, रामराज दुबे, शिवकुमार यादव, सुभाषचंद मिश्रा, वीरेन्द्र यादव, ओमप्रकाश पटेल, सुनील कुमार यादव आदि उपस्थित रहे।

## पुरानी पेंशन व्यवस्था बहाली को लेकर केन्द्रीय व राज्य कर्मचारी शिक्षक एकजुट : अखिल भारतीय स्तर पर पूरे देश में हुआ प्रदर्शन

मृत्युंजय प्रताप सिंह की रिपोर्ट लखनऊ : लखनऊ राज्य कर्मचारियों/शिक्षकों के साथ केन्द्रीय कर्मचारी संगठनों ने मिलकर पुरानी पेंशन व्यवस्था की बहाली को लेकर एकजुट होकर जिला मुख्यालयों पर धरना प्रर्दशन कर सरकार को घेरा। ''पुरानी पेंशन व्यवस्था बहाली संयुक्त मंच' बनाकर केन्द्रीय व राज्य कर्मक्चारी संगठनों के साथ शिक्षकों के संगठनों ने देश व्यापी आन्दोलन जनवरी, 2023 से प्रारम्भ कर दिया है। इसी क्रम में 21 मार्च को लखनऊ के ''कर्मचारी प्रेरणा स्थल'' बी0एन0 सिंह प्रतिमा स्थल सरोजनी नायडू पार्क में इकठ्ठा होकर जोरदार प्रदर्शन किया गया। आल इण्डिया रेलवे मेन्स फेडरेशन के जोनल सेक्रेटरी एस0यू0 शाहा, डिवीजनल सेक्रेटरी आर0के0 पाण्डेय डिवीवजन अध्यक्ष, भूमूती मिश्रा, आल इण्डिया पोस्टल एकाउन्ट इम्पलाइज एसो0 के महासचिव काम0 शत्रुघ्न यादव, प्रेम कुमार सिंह वरिष्ठ उपाध्यक्ष, राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद, उ0प्र0 जी.एन. सिंह डिप्लोमा इंजीनियर्स महासंघ इं. दिवाकर राय, विकास यादव, विक्रम शाह, आयकर से संतोष मिश्रा, बृजेश यादव, पासपोर्ट से संजय वर्मा, दूरदर्शन से एस0बी0 सिंह, आकाशवाणी से प्रमोद कुमार वर्मा राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद परिषद, उ0प्र0 अध्यक्ष इं0 हरि किशोर तिवारी महामंत्री शिवबरन सिंह यादव, अमिता त्रिपाठी, फहीम अख्तर, उद्यान से अविनाश चन्द्र श्रीवास्तव सुभाष चन्द्र तिवारी, अमरजीत मिश्रा, सिंचाई विभाग ड्राइंग स्टाफ एसो0, अशोक कुमार सिंह, राजस्व निरीक्षक संघ, कृषि से राधारमन मिश्रा, समाज कल्याण से धर्मेन्द्र सिंह, मुकेश जोशी, मण्डी परिषद, प्रदूषण नियंत्रण, रोडवेज, सेतु निगम, लेखपाल संघ, अमीन संघ, अनुसेवक संघ, ग्राम विकास अधिकारी संघ ग्राम पंचायत अधिकारी संघ, परिवहन कर्मचारी संघ श्रम विभाग कर्मचारी संघ कर्मचारी राज्य बीमा चिकित्सालय, रिमोट सेन्सिग, स्पोर्ट्स कालेज, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार, चकबन्दी लेखपाल, चकबन्दीकर्ता संघ, सूचना विभाग, सिंचाई, अर्थ एवं संख्या, मातृ शिशु कल्याण, डिप्लोमा इंजीनियर्स, कृषि विपणन सहित कई अन्य विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे। धरने को सम्बोधित करते हुए श्री आर.के. पाण्डेय, रेलवे ने कहा किपुरानी पेंशन कर्मचारी के बुढापे का सहारा है। श्री एस.यू. शाहा, रेलवे ने कहा कि पेंशन के लिए सुप्रीम कोर्ट का स्पष्ट आदेश है। इं. हरि किशोर तिवारी ने कहा कि पेंशन भीख नही है, आन्दोलनों के उपरान्त सरकार द्वारा दिया गया।श्री शिवबरन सिंह यादव, परिषद ने अपने सम्बोधन में कहा कि सरकार कर्मचारियों की बात को अनुसना कर रही है। जो घातक हो सकता है। यदि पुरानी पेंशन नही दी गई तो पूरा कर्मचारी समाज एक साथ सड़को पर आकर आन्दोलन करेगें। इं.एन.डी. द्विवेदी, पीडब्लूडी ने कहा कि बिना आन्दोलन के कुछ नही हो सकता है। अब केन्द्रीय व राज्य के कार्मिक एक हैं। आन्दोलन बड़ा होगा। श्री शत्रुघ्न यादव, ने कहा कि पोस्टल पहले भी आन्दोलन हुए है किन्तु केन्द्र



व राज्य एक साथ मिलकर शिक्षकों को साथ लेकर बड़ा आन्दोलन होने जा रहा है। सरकार दबाव में है ।श्री एस0बी0 सिंह, दूरदर्शन, ने कहा कि सरकार वोट की राजनीति से डरती है इस बार 2024 का लोक सभा चुनाव व मुद्दा बनेगा। श्री अविनाश चन्द्र श्रीवास्तव, उद्यान ने कहा कि व्यापक जनसम्पर्क के बाद ही यह आन्दोलन चलाया जा रहा है इसलिए इसका व्यापक प्रभाव होगा। श्री विवेक कुमार, ने कहा कि आई.टी.आई.सभी कर्मचारी एकजुट है केन्द्रीय कर्मचारी संगठन साथ है। इसलिए आन्दोलन व्यापक असर कारी रहेगा। श्रीमती अमिता त्रिपाठी परिषद लखनऊ ने कहा कि प्रदेश के सभी जिलों में जोर–शोर से कार्यक्रम हो रहे है। किन्तु लखनऊ प्रदेश की राजधानी होने के कारण विशेष प्रभाव छोड़ता है। सभी संगठनों का व्यापक समर्थन मिल रहा है। हमारा आन्दोलन सफल होगा। श्री प्रमोद वर्मा, आकाशवाणी ने कहा कि राज्य कर्मचारियों के साथ मिलकर पुरानी पेंशन मुद्दे पर आन्दोलन करना नया प्रयोग है। राज्य कर्मचारी संगठनों का पूरा समर्थन केन्द्रीय कर्मचारी संगठनों को प्राप्त हो रहा है। सरकार पर दबाव बढ़ रहा है। हमारी जीत होगी ।श्री सुजीत कुमार , लेखपाल संघ ने कहा कि लेखपाल जमीन स्तर पर कार्य करता है। बुढ़ापे में दर दर की ठोकरे नही खाना चाहता है ।सरकार जिम्मेदारी ले। लेखपाल संघ के राममूरत यादव ने कहा कि जब तक पुरानी पेंशन बहाल नही होती तब तक कर्मचारी शिक्षक समाज का संघर्ष जारी रहेगा। आजमगढ़, बलिया, बस्ती, गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर हापुड़ बाँदा, चित्रकूट, कानपुर, इटावा, वाराणसी, फतेहपुर, अयोध्या, गोण्डा, बहराइच, बाराबंकी, सीतापुर, पीलीभीत, बदायूँ, बेरली, मुरादाबाद, सहारनपुर, मेरठ, बागपत, मुजफ्फरनगर, झाँसी, जालौन, श्रावस्ती, महराजगंज, सुल्तानपुर, जौनपुर, प्रतापगढ़, प्रयागराज, बलरामपुर, मिर्जापुर गाजीपुर, मऊ, सिद्धार्थनगर, देवरिया, कुशीनगर, मुरादाबाद, सहित, प्रदेश भर के सभी जनपदों में प्रर्दशन/धरना व्यापक रुप से रहा।

## मुक्ता काशी योग एवं ध्यान केंद्र का शुभारंभ

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। मुक्ता काशी योग एवं ध्यान केंद्र का ड्रीम वैली इंदिरा डैम किसान पथ लखनऊ में शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक रहे ।अखिल भारतीय सवर्ण महासभा के राष्ट्रीय संरक्षक बाबा महादेव जी ने आध्यात्मिक विचार व्यक्त किए ।पूज्य श्री आलोक कृष्ण गोस्वामी जी वृंदावन से आए, अध्यक्षता नरेंद्र कुमार श्रीवास्तव राज्य सूचना आयुक्त उत्तर प्रदेश, पूर्व मंत्री



कुसुम राय, राजेश राय सामाजिक कार्यकर्ता एवं पर्यावरणविद सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

# निकाय चुनाव में मिली जीत तो हाउस टैक्स ऑफ व वाटर टैक्स करेंगे माफ –अनिल प्रजापति

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) निकाय चुनाव आम आदमी पार्टी पूरी मजबूती के साथ लड़ेगी, निकाय चुनाव में आम आदमी पार्टी का प्रत्याशी विजयी होता है तो हम हाउस टैक्स हाफ और वॉटर टैक्स माफ करेंगे साथ ही शहर मे सफाई की उचित व्यवस्था की जाएगी। उक्त बातें प्रेसवार्ता के दौरान आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष अनिल प्रतापति ने कहीं। उन्होंने कहा देश की जनता ने प्रधानमंत्री के चुनाव में नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री के चुनाव में योगी आदित्यनाथ को मौका दिया। क्योंकि निकाय चुनाव का मुख्य मुद्दा साफ सफाई का होता है जिसे झाड़ू वाले ही कर सकते है हमारा चुनाव चिन्ह ही झाड़ू है इसलिए हमे पूरा भरोसा है कि इस चुनाव में उत्तर प्रदेश की जनता आम आदमी पार्टी को मौका देगी। प्रदेश प्रवक्ता व अयोध्या जिला प्रभारी संजीव निगम ने कहा कि आज देश की जनता अरविंद केजरीवाल के सिद्धांतों से अत्यधिक प्रभावित है और यही कारण है कि दिल्ली की जनता ने तीन बार अरविंद केजरीवाल को चुना क्योंकि उन्हें मुख्यमंत्री केजरीवाल का शिक्षा, स्वास्थ्य , चिकित्सा, यातायात, बिजली–पानी का मॉडल पसंद आया और इन्हीं मुद्दों पर जनता ने पंजाब की कमान भी आम आदमी पार्टी को सौंप दी। जिला प्रभारी संजीव निगम ने आगे बताया कि उत्तर प्रदेश के 762 नगर निकायों में से 633 नगर निकायों में आम आदमी पार्टी ने अपने प्रभारी घोषित कर दिए हैं। जिनमे हमारे जिले अयोध्या में अयोध्या नगर निगम प्रभारी जुल्फकार अली उर्फ सूरज प्रधान को निकाय प्रभारी व रूदौली नगर पालिका में मो अफजल को निकाय प्रभारी तथा नगर पंचायतो में बीकापुर में विनोद कुमार को प्रभारी तथा कुमार गंज में नरेश प्रजापति को निकाय प्रभारी बनाए जा चुके है। इस मौके पर मिल्कीपुर प्रभारी हर्षवर्धन कोरी प्रदेश व्यापार प्रकोष्ठ महासचिव इसराइल घोसी सुनील मौर्या महासचिव इंद्रजीत यादव एडवोकेट संदीप पटेल गुड़िया राईन शारजहां मास्टर आसिफ सिद्दीकी प्रभुनाथ पाल आदि लोग उपस्थित थे।

# स्वैच्छिक रक्तदान पर राम कृष्ण सेवा फॉउंडेशन की मुहिम जारी

अयोध्या (डीकेयू लाइव ब्यूरो) सुरेंद्र कुमार। कुँवरि चन्द्रावती पीजी कालेज के राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के अंतर्गत अंतिम दिवस पर रक्तदान जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिला चिकित्सालय के सहयोग से राम कृष्ण सेवा फाउंडेशन के तत्वाधान में आयोजित उक्त संगोष्ठी में कालेज के 75 छात्र–छत्राओं ने प्रतिभाग कर रक्तदान से जुड़ी विभिन्न बिंदुओं पर जानकारियां प्राप्त किया और संकल्प लिया कि रक्तदान के लिए हमेशा तैयार रहेंगे। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित शिक्षाविद अमरनाथ तिवारी ने कहा है रक्तदान प्रत्यक्ष जीवन दान है और रक्तदान के बाद जो खुशी और संतोष हमें मिलता है वो शायद दुनिया के किसी अन्य कार्य से नही मिलता है। समारोह की अध्यक्षता समाजसेवी व फॉउंडेशन के संरक्षक राजेश चौबे व संचालन असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ नीति श्रीवास्तव व डॉ मधु दूबे ने सँयुक्त रूप से किया। अतिथियों का स्वागत कार्यक्रमाधिकारी डॉ निर्मल कुमार श्रीवास्तव ने बुके प्रदान कर किया। जिला चिकित्सालय के ब्लड बैंक के जनसंपर्क अधिकारी विन्देश्वरी प्रसाद जी ने रक्तदान से जुडे प्रत्येक विदुओं पर व्यापक चर्चा करते हुए कहा कि रक्तदान के क्षेत्र में देश अभी आत्मनिर्भर नही है लिहाजा युवाओं को आगे आना होगा जिससे ब्लड के अभाव में किसी की मौत न हो। ब्लड बैंक की काउंसलर ममता खत्री ने कहा कि रक्तदान के बाद रक्तदाता को डोनर कार्ड भी दिया जाता है और उस कार्ड से हम जरूरत पड़ने पर अपना ब्लड वापस भी प्राप्त कर सकते है। सब इंस्पेक्टर रंजीत यादव ने इसे कलयुग का सबसे पुनीत कार्य व समाज सेवा का सबसे बेहतर माध्यम बताया। समाजसेवी राजेश चौबे जी ने बताया कि संस्था द्वारा 2016 से अब तक साढ़े चार हजार मरीजों को ब्लड देकर उनकी जान बचाया जा चुका है और जरूरतमंद हर समय संस्था से खून प्राप्त कर कर सकते है। रक्तदान का पर्याय बन चुकी समाजसेविका रत्ना जायसवाल, महिला वृद्ध आश्रम की काउंसलर नीलम श्रीवास्तव, रक्त वीरांगना शशि रावत व स्काउट गाइड ट्रेनर अंशिका सिंह व असिस्टेन्ट प्रोफेसर में महाविद्यालय के डॉ शैलेन्द्र यादव,डॉ मधु दूबे, डॉ अनुपमा सिंह, डॉ रिजवान,मनोज पांडेय, डीपी सिंह, सुमन मिश्रा, बुशरा अंजुम ने भी रक्तदान पर अपने विचार व्यक्त किये।

# जानलेवा हमले में दो युवक घायल : मुकदमा दर्ज

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) कोतवाली अयोध्या क्षेत्र में मंगलवार की शाम आरोप के मुताबिक धारदार हथियार से लैस दबंगों ने दो युवकों पर जानलेवा हमला कर दिया। जिसमें उक्त युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसका इलाज जिला चिकित्सालय में चल रहा है। पीड़ित द्वारा दिए गए तहरीर पर कोतवाली अयोध्या पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर इस मामले की छानबीन में जुट गई है।पीड़ित विवेक सिंह पुत्र स्व. विश्वनाथ सिंह निवासी कुढाकेशवपुर दर्शननगर थाना कोतवाली अयोध्या जनपद अयोध्या ने तहरीर के माध्यम से बताया कि विजुलियाडीह कुढाकेशवपुर अपने खितौनी की अमीन में रखी हुई बालू को इकट्ठा करने के लिए अपने परिचित सौरभ सिंह पुत्र रणविजय सिंह निवासी मनेथू थाना पूराकलंदर जनपद अयोध्या की जेसेबी मशीन व अपने चचेरे भाई विनीत सिंह पुत्र धनजय सिंह निवासी कुडाकेशवपुर दर्शननगर के साथ बालू एकत्रित करने जा रहे थे।आरोप के मुताबिक पहले से घात लगाये हुए लाठी डण्डा धारदार हथियार व ईंटा पत्थर से लैस होकर बैठे विपक्षियों में शामिल लल्लन प्रसाद पुत्र तेजू, अवधेश पुत्र लल्लन प्रसाद, उदय राज पंचू, डडू पुत्र तेजू राम बक्श यादव पुत्र अजात रवीन्द पुत्र जोखन, गुड्डू पुत्र तेजू, श्रीमती प्रेमा देवी पत्नी लल्लन प्रसाद बन्दना पुत्री लल्लन प्रसाद निवासीगण विजुलियाडीह कुढाकेशवपुर दर्शननगर थाना कोतवाली अयोध्या ने जेसीबी पर पथराव करते हुये लाठी डंडा से हमला कर दिया। जिसमें जेसेबी चालक व पीड़ित को को चोटे आयी। इस संबंध में पीड़ित ने बताया कि हमले मे मेरे चचेरे भाई विनीत सिंह के सिर के बजाय बाये कान मे बुरी तरह से कट गया है तथा कान की नस व हड्डी टूट गयी है। वही हमले में घायल विनीत सिंह मौके पर गिरकर बेहोश हो गये। गये तथा लुकते छिपते पुलिस को सूचना दी गयी है।पीड़ित व जेसीबी चालक द्वारा पुलिस को सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची। इस संबंध में थाना कोतवाली अयोध्या प्रभारी निरीक्षक मनोज शर्मा ने बताया कि इस मामले में मुकदमा दर्ज कर पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है।

# चैत्र रामनवमी मेला के दृष्टिगत सुरक्षा व यातायात व्यवस्था की तैयारियों का वरिष्ठ अधिकारीगण द्वारा किया गया निरीक्षण

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) चैत्र रामनवमी मेला के दृष्टिगत सुरक्षा व यातायात व्यवस्था की तैयारियों का वरिष्ठ अधिकारीगण द्वारा किया निरीक्षण दियें आवश्यक दिशा निर्देश। अयोध्या में प्रतिवर्ष कई गुना अधिक श्रद्धालुओं के आगमन हो रहा है इस कारण श्रृध्दालुओं की सुरक्षा व बेहतर सुविधाओं हेतु पुलिस महानिरीक्षक अयोध्या रेंज अयोध्या प्रवीण कुमार व पुलिस उपमहानिरीक्षक/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अयोध्या मुनिराज जी द्वारा अयोध्या में चौत्र रामनवमी का मेला के दृष्टिगत श्रध्दालुओं को सुगम यातायात, पार्किंग व्यवस्था हेतु सांकेत पैट्रोल पंप, बालूघाट तिराहा, फटिक शिला मल्टी लेवल पार्किंग आदि स्थानों पर व्यवस्थाओ का निरीक्षण किया गया व क्षेत्राधिकारी यातायात को आवश्यक दिशा निर्देश दियें गये। चौत्र रामनवमी मेला के दौरान बेहतर सुरक्षा व्यवस्था हेतु येलो जोन कार्यालय, सीसीटीवी कट्रोंल रुम का निरीक्षण किया व सभी कर्मचारियों को सुरक्षा के दृष्टिगत दिशा निर्देश दियें। चौत्र रामनवमी मेला के दौरान भारी भीड द्वारा सरयू स्नान किया जाता है सरयू नदी पर सुरक्षा व्यवस्था हेतु एसडीआरएफ, जल पुलिस, चौकी प्रभारी व क्षेत्राधिकारी अयोध्या को आवश्यक दिशा निर्द्रेश दियें।तत्पश्चात महोदय द्वारा नागेश्वर नाथ मन्दिर, हनुमानगढी, कनक भवन, गांधी आश्रम बैरियर श्रृंगारघाट, रामजन्मभूमि आदि का निरीक्षण किया व दर्शन हेतु जाने वाले सभी मार्गो पर पैदल गश्त कर सभी सम्बन्धित अधिकारीयों को आवश्यक दिशा निर्देश दियें, तैयारियों के निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक नगर, क्षेघ्त्राधिकारी अयोध्या, क्षेत्राधिकारी अभिसूचना, क्षेत्राधिकारी यातायात, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली अयोध्या व अन्य कर्मचारीगण मौजूद रहें।

# समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव व पूर्व कैबिनेट मंत्री शिवपाल यादव शोक संवेदना में पहुंचे अयोध्या

अयोध्या डीकेयू लाइव ब्यूरो सुरेंद्र कुमार।समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव व पूर्व कैबिनेट मंत्री शिवपाल यादव ने आज समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता और जिला प्रवक्ता चौधरी बलराम यादव के आवास पर पहुंचकर उनकी माताजी श्रीमती मिथलेश यादव के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की श्री यादव ने इस मौके पर पीड़ित परिवार को सांत्वना देते हुए हर मौके पर उनके साथ खड़े रहने का आश्वासन दिया। पूर्व मंत्री शिवपाल यादव ने इस मौके पर श्रीमती मिथलेश यादव के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि भी अर्पित की उन्होंने कहा कि पार्टी के कार्यकर्ताओं ने जिस तरीके से समाजवादी पार्टी को ऊंचाइयों तक पहुंचाया है ऐसे में पार्टी का भी दायित्व है कि वह कार्यकर्ताओं के सुख दुख में बराबरी से शामिल हो श्री यादव ने कहा कि चौधरी बलराम यादव व उनका परिवार पार्टी की स्थापना के समय से समाजवादी पार्टी से जुड़ा है उन्होंने पार्टी को अयोध्या क्षेत्र में ऊंचाइयों पर पहुंचाने में विशेष सहयोग दिया है । पूर्व मंत्री शिवपाल यादव के साथ पार्टी के तमाम वरिष्ठ पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने भी जिला प्रवक्ता चौधरी बलराम यादव के आवास पर पहुंचकर सांत्वना



व्यक्त किया । मौके पर पूर्व मंत्री आनंद सेन यादव पूर्व विधायक जय शंकर पांडेय पंकज पांडेय मनोज जयसवाल अमृत राजपाल ललित यादव डॉ एस पी यादव रोली यादव सरोज यादव श्यामा यादव महंत रामदास महंत आनंद दास हाजी असद अहमद सीताराम यादव डॉ अनुराग यादव अनिल सिंह राणा अखिलेश पांडेय कविराज दास रवि यादव राकेश यादव छोटे लाल यादव बमबम यादव कमल किशोर नंदन लल्ला यादव देवा श्रीवास्तव दीपक यादव गणेश दत्त पांडे दुर्गेश वर्मा ननकन यादव राधेश्याम यादव रामदेव पहलवान इंद्रबहादुर अनिल यादव विजय यादव अवधेश सोनकर विशाल यादव अमन यादव रमेश यादव जसराज यादव आदि मौजूद रहे।

# जनपद के प्रगतिशील किसान को कृषि मंत्री ने किया सम्मानित

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) अयोध्या के प्रगतिशील किसान को कृषि मंत्री ने किया सम्मानित । राष्ट्रीय वनस्पति अनु संधान संस्थान लखनऊ में आयोजित पुष्प कृषि मेला एवं वोगनविलिया महोत्सव पुष्प उत्पादन के लिए बॉस गॉव अमानी गंज के प्रगतिशील किसान उमानाथ शुक्ल को कृषि राज्य मंत्री माननीय बल्देव सिंह औलख ने प्रशस्ति पत्र व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया ।कार्य क्रम में बोलते हुए माननीय मंत्री ने कहा कि किसान विविधीकरण अपना कर अपनी आय बढ़ा सकते हैं । निदेशक एन बी आर आई श्री ए के शासनी ने कहा कि आने वाले समय में राम मन्दिर बनने के बाद अयोध्या में फूल की मांग बढ़ेगी ।निदेशक सी मैप पी के त्रिवेदी ने कहा कि फूलों से इत्र तथा खाद बनाकर अतिरिक्त आय प्राप्त की जा सकती है ।वरिष्ठ वैज्ञानिक एस के तिवारी ने फूलों से हर्बल कलर सिन्दूर आदि बनाने के बारे में बताया ।कार्यक्रम का आयोजन संस्थान के वैज्ञानिक के जे सिंह के निर्देशन में तथा सहयोग डाक्टर सुरेश शर्मा ने किया ।

# महिला स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन सम्पन्न

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) रेलवे स्वास्थ्य केंद्र अयोध्या कैंट में महिला स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया ।मुख्य चिकित्सा अधीक्षक उत्तर रेलवे लखनऊ के आदेश के अनुपालन में मंडल चिकित्सालय लखनऊ से स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर रितु सिंह सीनियर डीएमओ एवं डॉ पूजा अग्रवाल दंत चिकित्सक के साथ स्टाफ नर्स स्वीटी डागर ओटी असिस्टेंट विजय कुमार वर्मा ,जाबा सिंह तथा रवि श्रीवास्तव के द्वारा महिला कर्मचारी तथा कर्मचारियों के आश्रित महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण रेलवे स्वास्थ्य केंद्र अयोध्या कैंट के डॉक्टर आनंद कुमार सीएमपी सीनियर फार्मासिस्ट आशीष कुमार तथा ओटी असिस्टेंट संदीप कुमार श्रीवास्तव स्वास्थ्य परिचय मोहम्मद मेराज तथा नेमोनिशा और चंदन की उपस्थिति में कराया गया इस प्रकार का आयोजन स्वास्थ्य केंद्र में पहली बार हुआ और सभी महिला कर्मचारी तथा कर्मचारियों के आश्रित महिलाओं ने बढ़–चढ़कर अपना स्वास्थ्य परीक्षण सैकड़ों की संख्या में करवाया। डॉ ऋतु सिंह से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि समाज में जितना योगदान पुरुषों का है उतना ही महिलाओं का भी है इसलिए महिलाओं को अपने स्वास्थ्य का ध्यान हमेशा रखना चाहिए और छोटी–छोटी बीमारियों का परीक्षण डॉक्टर से जरूर करवाना चाहिए जिससे वह स्वस्थ रहें और अपने परिवार की देखभाल अच्छी तरीके से कर सकें। सीनियर फार्मासिस्ट आशीष कुमार ने कहा कि महिलाओं के बीमारी से संबंधित सारी दवाएं हमेशा उपलब्ध रहती हैं जिससे जो भी महिला मरीज आती है उनका इलाज सुचारू रूप से किया जाता है।

# सीएचसी रूदौली में टीबी रोगियो को किया गया पोषाहार वितरण

अयोध्या (डीकेयू लाइव ब्यूरो) सुरेंद्र कुमार। भेलसर(अयोध्या)सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रुदौली में राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत प्रधानमंत्री टीवी मुक्त भारत अभियान के मुख्य अतिथि जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ0 आरके सक्सेना द्वारा 101 टीवी मरीजों को पोषाहार वितरित किया गया एवं जिला कार्यक्रम समन्वयक आनंद प्रताप सिंह द्वारा टीवी कार्यक्रम के बारे में विस्तार से जानकारी दी।डॉ मदन बरनवाल के मार्गदर्शन में पोषाहार वितरण का कार्यक्रम संपन्न कराया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रुप से डॉ0 संजय सिंह,डॉ0 फहीम,डा0 संध्या,डॉ0 प्रियंका यादव,डॉ0 अन्जू ,नरसिंह कुमार,डॉ0 अखिलेश उपाध्यक्ष,राहुल तिवारी,अनिल श्रीवास्तव,सुमित कुमार कुणाल,सत्यम,रवि आदि ने सहयोग किया।

# अनुदान पर मिलना था कृषि यंत्र : नही चल रही बेवसाइट

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) शासन ने किसानो को कृषि यंत्र अनुदान पर उपलब्ध कराने के लिए प्रत्येक ब्लाक के किसान कल्याण केंद्रों पर दो दिवसीय विशेष स्टाल लगाने का निर्देश जारी हुआ था ।जिसे लेकर विभाग ने लागू भी कराया ।सोमवार को ब्लाकों पर स्टाल लगाए गए किसान भी पहुचे लेकिन ऑनलाइन आवेदन में समस्याएं आ रही है जिससे किसानों को इसका लाभ शाम तक नही हो सका है। राजकीय कृषि बीज गोदाम मवई का जब जायजा लिया गया तो हकीकत सामने आई ।किसान रामकेवल शेरपुर गांव से आए है उन्होंने बताया कि उन्हें लपेटा पाइप लेना है लेकिन आवेदन की ओटीपी ही नही आ रही है ।मो0 अरशद फातमी जो 38 किलोमीटर दूर स्थित सैदपुर से ब्लाक मुख्यालय पहुचे है इन्हें भी लपेटा पाइप लेना है लेकिन साइट न चलने से अनुदानित यंत्र नही मिल पाया ।वही वीरेंद्र कुमार जो जुनेदपुर से आए स्प्रे मसीन अनुदान पर लेना है लेकिन मोबाइल पर मैसेज न आने के कारण ऑनलाइन नही हो पा रहा है ।इसी प्रकार दर्जनों किसानों की भीड़ कृषि कल्याण केंद्र पर सुबह से जुटी हुई है लेकिन तमाम कोशिशों के बावजूद ओटीपी नही आ रही है। राजकीय कृषि बीज गोदाम मवई के प्रभारी उमाशंकर वर्मा ने बताया कि सुबह से लेकर शाम तक सिर्फ एक ही किसान का टोकन जनरेट हो पाया है ।उन्होंने बताया कि दिनांक 20 और 21 मार्च को 10000 अनुदान तक के कृषि यंत्र जैसे पंपिंग सेट,पावर स्प्रेयर,चारा मशीन,लपेटा पाइप,तिरपाल आदि कृषि यंत्रों का स्टाल लगा है ।उन्होंने बताया ऑनलाइन सिस्टम है जिन किसानों का टोकन जनरेट हो रहा है उन्हें लाभ दिलाया जा रहा है।

# सुखद शुभता ले नौका पर सवार हो आएंगी मां : नवरात्रि में करें श्रीरामचरितमानस–सप्तशती पाठ और मंत्र जप

अयोध्या (डीकेयू लाइव ब्यूरो) सुरेंद्र कुमार।

**सर्वमंगल मांगल्ये शिवे सर्वार्थ साधिके।**

**शरण्येत्र्यंबके गौरि नारायणी नमोस्तुते।।**

बुधवार, 22 मार्च को चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा है, इस दिन चैत्र नवरात्रि की शुरुआत होगी. नव संवत 2080 शुरू होगा, इसी तिथि पर ब्रह्मा जी ने सृष्टि की रचना की थी। भगवान विष्णु ने अपना पहला अवतार मत्स्य अवतार इस दिन लिया था ।इन 4 पर्वों के साथ ही इस दिन भगवान झूलेलाल की जयंती भी मनाई जाती है।

इस नवसंवत् का नाम नल है। इस नए वर्ष के राजा बुध हैं और मंत्री शुक्र हैं,बुध और शुक्र की वजह से नववर्ष सभी के लिए शुभ रहेगा। व्यापारियों को इस साल बड़े लाभ मिल सकते हैं, व्यापार का विस्तार हो सकता है। बुधवार से चैत्र नवरात्रि शुरू होगी, इसे रामरात्र भी कहा जाता है। बुध के राजा होने से सुख–समृद्धि बढ़ेगी। धार्मिक कार्यक्रम ज्यादा होंगे। इस वर्ष कर्कोटक नामक नाग रहेगा, तम नाम का मेघ बारिश करेगा। शुक्र के मंत्री होने से वैभव और संपत्तियों में बढ़ोतरी होगी। चैत्र नवरात्रि की अंतिम तिथि नवमी पर श्रीराम का प्रकट उत्सव मनाया जाता है ।नवरात्रि में श्रीराम चरित मानस का पाठ करना चाहिए और अपने इष्टदेव के मंत्रों का जप करना चाहिए।

चैत्र नवरात्रि शुरू होने के साथ ही नया हिंदू नव वर्ष विक्रम संवत भी शुरू हो जाएगा. नवरात्रि में माता दुर्गा के नौ अलग–अलग स्वरूपों की पूजा की जाती है। नवरात्रि के पहले दिन यानी प्रतिपदा तिथि पर कलश स्थापना के शुभ मुहूर्त के साथ नवरात्रि का प्रारंभ होता है,इस बात चैत्र नवरात्रि पर कुछ शुभ मुहूर्त और योग बन रहे हैं। इस साल मां दुर्गा का आगमन नौका पर होगा। शास्त्रों में मां के इस रूप को भक्तों की समस्त इच्छाएं पूर्ण करने वाला माना जाता है। कलश स्थापना– प्रतिपदा 22 मार्च शुभ मुहूर्त– प्रातः 6:30 मिनट से प्रातः 7:32 तक शुभ मुहूर्त की अवधि– 1 घंटा 9 मिनट माता गौरी के 9 रूपों की आराधना करने वाले इन विशेष नवरात्रों के कालखंड के प्रथम दिन चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से भारतीय विक्रम संवत 2080 का प्रारंभ होगा। चैत्र शुक्ल प्रतिपदा तिथि 21 मार्च को रात 10:52 से 22 मार्च को रात 8:20 तक रहने वाली है। इसके बाद उदया तिथि के अनुसार नवरात्र 22 मार्च से प्रारंभ हो जाएंगे। नवरात्रि के प्रारंभ के समय में उत्तर भाद्रपद नक्षत्र रहेगा। हिंदू धर्म शास्त्रों में इस नक्षत्र को ज्ञान खुशी और सौभाग्य का सूचक माना गया है। ये सूर्योदय से लेकर दोपहर 3:32 तक रहने वाला है। इस नक्षत्र के स्वामी शनि और राशि स्वामी गुरु है ।उत्तर



भाद्रपद नक्षत्र प्रतिपदा की तिथि के मिलने से शुक्ल योग भी बनने जा रहा है। ये योग सूर्योदय से पूर्वान्ह 9:00 बजे 9:18 तक रहने वाला है. इसके बाद ब्रह्म योग प्रारंभ हो जाएगा। ब्रह्म योग 23 मार्च की सुबह 6:16 तक रहने वाला है. वहीं दोपहर में 1:26 से इंद्र योग प्रारंभ होगा, इस तरह चौत्र नवरात्र के प्रथम तिथि तक तीन शुभ योग बनेंगे, द्वितीय तिथि पर 23 मार्च को सर्वार्थसिद्धि मंगल और यश योग बनने जा रहे हैं। वहीं तृतीया और अष्टमी को त्रिपुष्कर और मालव्य योग बनेंगे। प्रतिपदा तिथि पर बन रहे तीन में से दो योग सूर्योदय के समय आरंभ हो जाएंगे, योग काल में घटस्थापना बहुत ही लाभदायक मानी जा रही है ।इस नवरात्रि में मंत्रों का जप करना चाहिए। श्रीराम का ध्यान करना चाहिए। राम नाम का और देवी मंत्रों का जप करें। श्रीराम चरित मानस, देवीसुक्त और देवी पुराण का पाठ करने से भक्त के सभी दुःख दूर हो सकते हैं। नवरात्रि में पूजा–पाठ के साथ ही ध्यान करने से तनाव दूर होता है. मन को शांति मिलती है और संतुष्टि की भावना बढ़ती है। समस्याओं को सुलझाने का सामर्थ्य बढ़ता है। देवी कृपा से भक्तों की बाधाएं दूर होती हैं। देवी दुर्गा की पूजा के महापर्व चौत्र नवरात्रि में छोटी कन्याओं की पूजा करें. कन्याओं को नए कपड़े उपहार में दें. पढ़ाई से जुड़ी चीजें दान करें। जरूरतमंद कन्याओं को खाना खिलाएं और धन का दान करें। इस नवरात्रि में रोज सुबह या शाम को हनुमान जी के सामने दीपक जलाकर सुंदरकांड या हनुमान चालीसा का पाठ करें। देवी दुर्गा और शिवलिंग की पूजा एक साथ करेंगे तो ज्यादा बेहतर रहेगा। शिवलिंग पर तांबे के लोटे से जल चढ़ाएं और ऊँ नमः शिवाय मंत्र का जप करें,किसी मंदिर में पूजन सामग्री भेंट करें।

# जिला चिकित्सालय में कार्डियोलॉजिस्ट चिकित्सक की तैनाती से मरीजों में दिखी खुशी की लहर

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) चिकित्सालय में कई वर्षों बाद मार्च महीने में कार्डियोलॉजिस्ट चिकित्सक की तैनाती होने से हृदय रोग से पीड़ित रोगियों ने काफी राहत का सांस लिया है ।शासन द्वारा कार्डियोलॉजिस्ट पद पर भेजे गए चिकित्सक डॉक्टर अरुण प्रकाश श्रीवास्तव ने जिला चिकित्सालय में अपना पदभार ग्रहण कर लिया था ।मालूम हो कि जिला चिकित्सालय में कई वर्षों पहले से इस पद पर किसी भी कार्डियोलॉजिस्ट की तैनाती नहीं हुई थी ।वही दर्शन नगर स्थित मेडिकल कॉलेज व श्री राम चिकित्सालय व जिला महिला चिकित्सालय में भी किसी कार्डियोलॉजिस्ट चिकित्सक की तैनाती नहीं थी ।जिसके चलते अयोध्या जिले के अलावा आसपास के दूरदराज से आने वाले इस रोग से संबंधित रोगियों को मजबूरन लखनऊ भागना पड़ता था ।कुछ मरीजों की बीमारी अधिक गंभीर होने के चलते या हार्ट अटैक होने के कारण उनकी मृत्यु रास्ते में ही हो जाती थी ।यह समस्या काफी गंभीर बनी हुई थी ।कई बार इस विभाग में शासन द्वारा कई कार्डियोलॉजिस्ट चिकित्सक को भेजा परंतु भी कोई भी यहां पर आने को तैयार नहीं हुआ ।वही नौ मार्च को लखनऊ के मूल निवासी व अमरोहा में एसीएमओ रहे कार्डियोलॉजिस्ट डॉक्टर अरुण प्रकाश श्रीवास्तव ने अपना पदभार ग्रहण किया। उनके आने से यहां पर हृदय रोग से संबंधित रोगियों के इलाज में इजाफा हुआ है ।इसको लेकर यहां पर आने वाले मरीज व उनके परिजन भी प्रसन्न दिखाई दे रहे थे ।गोंडा से अपनी पत्नी का इलाज कराने आए रामकुमार ने बताया कि हम लोगों को पहले यहां पर कोई इस रोग से संबंधित किसी चिकित्सक की तैनाती ना होने के चलते हमें लखनऊ जाना पड़ता था ।जिसके चलते समय व धन दोनों बर्बाद होता था ।परंतु अब यह समस्या नहीं है। अम्बेडकरनगर से अपना इलाज कराने आई एक महिला ने बताया कि यहां पर इस रोग से संबंधित डॉक्टर के तैनाती के चलते अब हमारा



इलाज आसान हो गया है नहीं तो मजबूरी में हम लखनऊ जाते और वहां पर हमारा समय तो लगता ही था और कभी–कभी ऐसा भी होता कि बिना इलाज के हमें वापस भी आना पड़ता था ।कुचेरा से आए हृदय रोग जैसे गंभीर बीमारी से पीड़ित मनोज कुमार ने बताया कि पहले जिले में कार्डियोलॉजिस्ट चिकित्सक की तैनाती ना होने के चलते हमें मजबूरी में या तो लखनऊ नहीं तो कानपुर जाना होता था परंतु अब यहां पर इस रोग से संबंधित चिकित्सक के तैनाती होने से बहुत ही खुशी का अनुभव हो रहा है। बुधवार को दोपहर यहां पर दो दर्जन से अधिक मरीजों ने एक स्वर में यही बात कहा कि अब यहां पर कार्डियोलॉजिस्ट चिकित्सक की तैनाती होने से हम लोगों की परेशानियां दूर हो गई है ।जिला चिकित्सालय में कार्डियोलॉजिस्ट पद पर तैनात डॉक्टर अरुण प्रकाश श्रीवास्तव ने बताया कि उनकी प्रथम प्राथमिकता यहां पर आने वाले रोगियों का समुचित ढंग से इलाज करना है ।हमारा प्रयास यही रहेगा कि कोई भी इस रोग से संबंधित रोगियों को अपना इलाज कराने लखनऊ ना जाना पड़े यहीं से ही वह ठीक हो जाए उन्होंने बताया कि जो भी मरीज हमारे पास आवे वह अपने समस्या को खुलकर बताने और जब यह समस्या खुलकर बताएंगे तभी हम उनका सही ढंग से इलाज कर सकेंगे। कार्डियोलॉजिस्ट डॉक्टर अरुण प्रकाश श्रीवास्तव ने बताया कि 9 मार्च से 21 मार्च तक लगभग 90 से अधिक हृदय रोग से संबंधित रोगियों ने अयोध्या जिले के अलावा आसपास के जनपदों से आए रोगियों ने अपना इलाज कराया ।वही इस दौरान दो दर्जन से अधिक रोगियों को गंभीर बीमारी होने के चलते उन्हें लखनऊ के लिए भी रिफर किया गया।


सम्पादक मंडल

श्री शिवशंकर द्विवेदी संयुक्त सचिव (सेवा निवृत्त) उ0प्र0 शासन, लखनऊ, पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"

पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक

श्रीमती हेमा त्रिपाठी

मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1

deshkiupasanadailynews@gmail.com



उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।